नव प्रदेश

www.navpradesh.com | रायपुर, शुक्रवार 1 अक्टूबर 2021, शुक्ल पक्ष-दशमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-230 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

नवजोत सिंह सिद्धू वाकई एक सिद्ध महापुरूष है। वे ऐसे संतन है जिनक पांव जहां भी पड़ते है वहां बंठाधार हो जाता है। जब तक क्रिकेट खेले भारतीय क्रिकेट टीम हारती रही। कपिल शर्मा के कामेडी शो में गए तो उनका कामेडी शो बंद हो गया। भाजपा में गए तो पंजाब में भाजपा जैसी राष्ट्रीय पार्टी को अकाली दल का पिछलग्गू बन कर रहना पड़ा। कांग्रेस में आए तो पंजाब में कांग्रेस की खाट खड़ी कर बिस्तर गोल करने की नौबत ला दी। आम आदमी पार्टी और अकाली दल जरूर यह दुआ कर रहे होंगे कि यह महागुरू कांग्रेस में ही रहे ताकि उनकी राह आसान बने।

डीएमएफ मद से जिले के युवा करेंगे होटल मैनेजमेंट की निःशुल्क पढ़ाई

स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में डिग्री और डिप्लोमा के लिए दस युवाओं का चयन

लगभग 30 लाख रूपए खर्च होगा

ईश्वर चंद्रा

कोरबा (नवप्रदेश)। पर्यटन की संभावनाओं से भरे कोरबा जिले के आर्थिक रूप से कमजोर और खनन प्रभावित क्षेत्रों के युवा अब होटल मैनेजमेंट के गुर भी सीख सकेंगे। कलेक्टर रानू साहू की पहल पर जिले के ऐसे दस युवाओं को डीएमएफकी राशि से मदद कर स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में होटल मैनेजमेंट पाठ्यक्रमों में दाखिला दिलाया जाएगा। इन युवाओं की पढ़ाई पर पूरे कोर्स के दौरान डीएमएफ से 29 लाख 64 हजार 200 रूपए खर्च किए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा तीन पाठ्यक्रमों के लिए दस विद्यार्थियों का चयन कर लिया गया है। चयनित इन दस विद्यार्थियों के शिक्षण शुल्क, हॉस्टल शुल्क और मेस आदि का खर्चा जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज न्यास मद से वहन किया जाएगा।

कलेक्टर ने बताया कि कोरबा जिले सहित पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों पर संचालित होटलों में काम करने के लिए प्रशिक्षित युवाओं की मांग हमेशा बनी रहती है। कोरबा सहित पूरा छत्तीसगढ़ प्रदेश पर्यटन की दृष्टि से देश में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। रायपुर, बिलासपुर के बड़े निजी होटलों सहित शासकीय मोटल्स में भी ऐसे प्रशिक्षित युवाओं की आवश्यकता होती है। इन पाठ्यक्रमों से प्रदेश के युवाओं में रोजगार के अच्छे अवसर सृजित हो सकते हैं। जिले के गरीब और खनन प्रभावित क्षेत्रों के बारहवीं कक्षा पास विद्यार्थियों को इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिलाकर उन्हें रोजगार से जोड़ने की सरकार की योजना है। इसी योजना के तहत कोरबा के दस विद्यार्थियों को शासकीय मदद पर होटल मैनेजमेंट के पाठ्यक्रमों में निःशुल्क प्रवेश दिलाया जा रहा है।

जिले के चार विद्यार्थी का दाखिला होटल एडमिनिस्ट्रेशन के डिग्री कोर्स में और तीन-तीन विद्यार्थी का दाखिला फूड प्रोडक्शन और फूड एवं वेबरेज सर्विसेज पाठ्यक्रमों में कराया जा रहा है। त्रिवर्षीय डिग्री कोर्स में एक विद्यार्थी पर पांच लाख 24 हजार 900 रूपए का खर्चा होगा जिसमें से तीन लाख 28 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चयन सूची - बीएससी होटल एडमिनिस्ट्रेशन - योगिता कंवर, देव कुमार साहू, अवंतिका सिंह, आरती साहू।
डिप्लोमा इन फूड एंड वेबरेज सर्विसेज - दिव्यांग कंवर, खुशबु वैष्णव, मानसी बैरागी।
डिप्लोमा इन फूड प्रोडक्शन - रामेश्वर डिक्सेना, महेन्द्र कुमार पात्रे, हिमांशी कश्यप।

सेवा, समर्पण और संघर्ष से ही सत्ता में होगी वापसी : सीटी रवि

भाजपा प्रदेश कार्यालय में मोर्चा-प्रकोष्ठ की हुई बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में मोर्चा-प्रकोष्ठ की बैठक गुरुवार को हुई। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सीटी रवि ने प्रदेश भाजपा के मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को एकजुट होने का मंत्र दिया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय सहित मोर्चा-प्रकोष्ठ से अध्यक्ष, संयोजक, सह संयोजक व प्रभारी मौजूद थे।

राष्ट्रीय महामंत्री सीटी रवि ने सभी सदस्यों को से कहा कि हम सभी भाजपा के आधार स्तभं है। आप सब जीतने मजबूत कार्य करेंगे हम उतना ही अधिक मजबूत होंगे। हम सबको अभी से मिशन 2023 के लिये अधिक सक्रियता से कार्य करना होगा। हमारे सत्ता में वापसी के लिये सेवा,समर्पण व संघर्ष का सूत्र वाक्य है। जिसके माध्यम से बथू व शक्ति केन्द्रों तक और अधिक मजबूत से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि हमारा कर्मयोगी कार्यकर्ता जब भी जुटा है हमेशा विजयश्री को हासिल किये है। छत्तीसगढ़ में जिस तरह की परिस्थियां है। जनता के समाने हम मजबूत विकल्प है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम है। कार्यकर्ताओं में जिस तरह से उत्साह को देखने को मिल रहा है। हम निश्चित ही मिशन 2023 में सफ ल होंगे। बस्तर से सरगुजा तक जिस तरह हम मोर्चे पर कांग्रेस की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सीटी रवि ने भूपेश बघेल पर दिया विवादित बयान

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को लेकर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेता ने अजीब टिप्पणी की है। छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सीटी रवि ने सीएम भूपेश बघेल को लेकर विवादित टिप्पणी की। रवि ने कहा- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गोबर खाकर गोबर घोटाला कर रहे हैं। भूपेश ने लालू प्रसाद यादव का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। बिहार में लालू प्रसाद यादव ने चारा खाकर घोटाला किया, अब छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल गोबर घोटाला कर रहे हैं।

सीटी रवि मांगे जनता से माफी : शैलेश नितिन

कांग्रेस के संचार प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने सीटी रवि के बयान पर तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा रमन सिंह मुख्यमंत्री रहते भूपेश बघेल को छोटा आदमी कहा, फिर भाजपा के प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी ने राज्य सरकार को थूक में बह जाने की बात कही और अब भाजपा के राष्ट्रीय नेता सीटी रवि ने फिर एक विवादित बयान राज्य सरकार के खिलाफदिया है, जो अति निंदनीय है। ऐसी स्तरहीन टिप्पणियां भाजपा के लोगों के द्वारा जो की जा रही है वह छत्तीसगढ़ के अस्मिता और स्वाभिमान का अपमान है। शैलेश ने कहा कि छत्तीसगढ़ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बाबा रामदेव ने दी करोड़पति बनने की गारंटी, एसईबीआई ने थमाया नोटिस

नई दिल्ली (ए.)। शेयर बाजार को रेग्युलेट करने वाली संस्था सेबी ने योगगुरु रामदेव की कंपनी रुचि सोया को नोटिस जारी किया है। नोटिस में सेबी ने रुचि सोया से यह बताने के लिए कहा है कि योगगुरु रामदेव ने नियामक मानदंडों का उल्लंघन क्यों किया। आपको बता दें कि रामदेव की पतंजलि ने दिवाला प्रक्रिया के जरिए साल 2019 में रुचि सोया का अधिग्रहण किया था। ये कंपनी शेयर बाजार में लिस्टेड है।

क्या है मामला

दरअसल, आस्था टीवी पर प्रसारित एक योग सत्र के दौरान योगगुरु रामदेव लोगों से रुचि सोया के स्टॉक में निवेश करने का आग्रह करते नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही रामदेव ने वीडियो में कुछ ऐसी भी बातें कही हैं, जो सेबी की नजर में संदिग्ध है। यही वीडियो क्लिप वायरल होने के बाद पूंजी बाजार नियामक सेबी ने रुचि सोया को नोटिस जारी किया है।

क्या है वीडियो क्लिप में

इस वीडियो क्लिप में रामदेव कहते हैं, 'आजकल, रुचि सोया के एफपीओ (फोलो-ऑन पब्लिक ऑफर) पर बहुत चर्चा है। अब, क्या आप करोड़पति बनना चाहते हैं? मैं करोड़पति बनने का मंत्र दूंगा। मैंने अभी-अभी शेयर बाजार में निवेश करने के तरीके सीखे हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शेयर खरीदने पर दे रहे जोर

वीडियो में इसके आगे रामदेव ने जो बातें कही हैं, वो सेबी की नजर में संदिग्ध है। रामदेव आगे कहते हैं, 'जब मैं आपको बताऊं तो अपने डीमैट खाता में रुचि सोया के शेयर खरीदें। रुचि सोया के बाद पतंजलि आयुर्वेद के शेयर खरीदें।' आपको यहां बता दें कि पतंजलि अभी शेयर बाजार में लिस्टेड नहीं है लेकिन कंपनी आईपीओ के जरिए शेयर बाजार में एंट्री का ऐलान कर चुकी है। ऐसा माना जा रहा है कि पतंजिल अगले साल शेयर बाजार में लिस्टेड हो जाएगी।

खास-खबर

क्रूरता! बोरे में बंद मिले 20 बंदरों के शव, जहर देकर मारने की आशंका

नई दिल्ली। कर्नाटक में बंदरों के साथ क्रूरता किये जाने का मामला सामने आया है। राज्य के कोलार जिले में 20 बंदरों का शव बोरे में बंद मिला है। कोलार में स्थित फारेस्ट हाईवे के पास से बंदरों के शव मिले हैं। वन विभाग ने मृत बंदरों का पोस्टमार्टम करवाया है। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल कर आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। कोलार के डीसी, डॉक्टर सेलवामणि आर ने कहा, 'ऐसी आशंका है कि इन जानवरों को जहर देकर मारा गया है।

कोई भी कानून अदालत की अवमानना की शक्ति को छीन नहीं सकता : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि अदालत की अवमानना की शक्ति को विधायी अधिनियम द्वारा भी छीना नहीं जा सकता। इसी के साथ उसने अदालत को नाराज करने तथा धमकाने के लिए 25 लाख रुपये जमा ना कराने पर एक गैर लाभकारी संगठन (एनजीओ) के अध्यक्ष को अवमानना का दोषी ठहराया। शीर्ष न्यायालय ने कहा, हमारा यह मानना है कि अवमानना करने वाला शख्स स्पष्ट तौर पर अदालत की आवमानना का दोषी है और अदालत को नाराज करने के उसके कदम को स्वीकार नहीं किया जा सकता।

न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश की पीठ ने कहा कि एनजीओ सुराज इंडिया ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव दहिया अदालत, प्रशासनिक कर्मियों और राज्य सरकार समेत सभी पर कीचड़ उछालते रहे हैं। पीठ ने कहा, अवमानना के लिए दंड देने की शक्ति एक संवैधानिक अधिकार है जिसे विधायी अधिनियम से भी छीना नहीं जा सकता। उसने दहिया को नोटिस जारी किया और उसे सात अक्टूबर को सजा सुनाने पर अदालत में मौजूद रहने का निर्देश दिया। धन का भुगतान करने के संबंध में पीठ ने कहा कि यह भू-राजस्व के बकाया के रूप में लिया जा सकता है।

पूर्व फ्रांसीसी राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को 1 साल की सजा

पेरिस। फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को 2012 में फिर से चुनाव लड़ने के असफल प्रयास के लिए गैरकानूनी फंडिंग का दोषी पाया गया है। कोर्ट ने उन्हें एक साल की सजा भी सुनाई है। इस साल की शुरुआत में सरकोजी को भ्रष्टाचार और प्रभाव का गलत इस्तेमाल के लिए तीन साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। हालांकि, इसमें से दो साल की सजा को निलंबित कर दिया गया था। इसी के साथ वे 1945 के बाद से जेल की सजा पाने वाले पहले फ्रांसीसी राष्ट्राध्यक्ष बन गए।

जल्द संभालेंगी ट्यूनीशिया का कामकाज

अरब देशों में पहली बार कोई महिला बनी पीएम

दिल्ली (ए.)। ट्यूनीशिया के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री को अपदस्थ करने और संसद भंग होने के दो महीने बाद एक महिला को नई सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया है। नाजला बूदेन रमधाने अब ट्यूनीशिया की पहली महिला प्रधानमंत्री होंगी। ट्यूनीशिया के राष्ट्रपति कैस सईद ने निर्वाचित सरकार को हटाने और सत्ता पर अपनी पकड़ मजबूत करने के लगभग दो महीने बाद नाजला बूदेन रमधाने नाम की एक महिला को प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की। इस तरह से वह ट्यूनीशिया की पहली महिला प्रधानमंत्री होंगी। अपने फेसबुक पेज पर इसकी घोषणा करते हुए राष्ट्रपति ने एक बयान जारी कर कहा, 'राष्ट्रपति कैस सईद ने नाजला बूदेन रमधाने को जल्द से जल्द नई सरकार बनाने के लिए अधिकृत किया है' कैस सईद ने एक वीडियो संदेश में कहा कि ÷ट्यूनीशिया के इतिहास में पहली बार, एक महिला प्रधानमंत्री सरकार का नेतृत्व करेगी÷ उन्होंने कहा देश की समस्याओं से निपटने के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता के साथ मिलकर काम करेंगे।

यूपी में दागी पुलिसवालों को फील्ड ड्यूटी नहीं, जांच के बाद होंगे बर्खास्त

■ **गोरखपुर कांड के बाद योगी का सख्त आदेश**

लखनऊ (ए.)। गोरखपुर कांड के बाद सीएम योगी बेहद नाराज बताए जा रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक योगी ने दागी छवि के पुलिसवालों को फील्ड में ड्यूटी नहीं देने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही बर्खास्त करने को भी कहा है।

योगी बोले, नहीं करेंगे बर्दाश्त

यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हाल के दिनों में कतिपय पुलिस अधिकारियों और कार्मिकों के अवैध गतिविधियों में संलिप्त होने की शिकायतें मिली हैं। उन्होंने कहा का यह कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

शासन में मंगवाई गई लिस्ट

योगी ने कहा कि पुलिस विभाग में ऐसे लोगों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए जो अवैध गतिविधियों में लिप्त हैं। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिए हैं कि ऐसे लोगों की प्रमाण के साथ लिस्ट बनाकर शासन को भेजी जाए। योगी ने कहा कि सूची में शामिल लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

कानपुर के कारोबारी की पत्नी को ओएसडी की नौकरी

कानपुर। कानपुर के प्रॉपर्टी डीलर मनीष गुप्ता की गोरखपुर में पुलिस की कथित पिटाई से मौत के मामले में यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने आरोपी पुलिस कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई करने को कहा है। वहीं मनीष गुप्ता की पत्नी मीनाक्षी को सरकारी नौकरी देने का आदेश दिया है। मीनाक्षी को KDA (कानपुर विकास प्राधिकरण) में OSD की नौकरी दी जाएगी। इसके अलावा सीएम योगी ने राहत राशि भी 10 लाख से बढ़ाने के लिये जिला प्रशासन से प्रस्ताव देने को कहा है। गुरुवार को कानपुर के प्रॉपर्टी डीलर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बाय-बाय मानसून | **प्रदेश में 3 फीसदी कम बारिश, प्रदेश में कुल वर्षा 56.04 दिन रहा**

6 अक्टूबर से हो सकती है मानसून की विदाई

रायपुर/नवप्रदेश। मानसून से जुड़ी एक बड़ी खबर यह है कि सितंबर के आखिरी दिन यानी गुरुवार से मॉनसून सीजन खत्म होने जा रहा है। प्रदेश में कुल वर्षा आज तक 1108 मिलीमीटर दर्ज हुआ है, जबकि सामान्य वर्षा 1142 मिली मीटर है। जो सामान्य से 3 प्रतिशत कम है।

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा के अनुसार मानसून की विदाई 6 अक्टूबर से उत्तर पश्चिम भारत से प्रारंभ होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि मानसून के विदाई के लिए 3 लक्षण आवश्यक है। पहला- राजस्थान के ऊपर एक प्रति चक्रवात बनना चाहिए। दूसरा- उस उपखंड में लगातार 5 दिन तक वर्षा नहीं होना चाहिए। तीसरा- वातावरण में नमी के स्तर में सार्थक कमी होना चाहिए। संभवतः ये सभी लक्षण दिखने लगे हैं, इसलिए अब मानसून के जाने का समय निकट है।

प्रदेश के 4 जिले सरगुजा, जशपुर, रायगढ़ और कांकेर जिले सामान्य से कम (न्यून) है। शेष सभी जिले औसत 19 प्रतिशत के बीच में रहे।

जून के महीने में सामान्य वर्षा 193.5 मिली मीटर है जबकि प्रदेश में 244.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई, जो सामान्य से 26 प्रतिशत अधिक रहा। इस अवधि में 21 जिले अधिक तथा 6 जिले में कम की स्थिति में थे। जुलाई के महीने तक प्रदेश में 756 मिलीमीटर (सामान्य 569 मिमी) और जुलाई में 331.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई जो कि सामान्य से 83 प्रतिशत रहा।

इस अवधि में 10 जिले में अधिक तथा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राज्य में औसत वर्षा (दिनों में)

- बालोद जिला में 51 दिन रहा।
- बलौदा बाजार में 46.4 दिन रहा।
- बलरामपुर में 49.6 दिन रहा।
- बस्तर में 61.9 दिन रहा।
- बेमेतरा में 51 दिन रहा।
- बीजापुर में 58.8 दिन रहा।
- बिलासपुर में 54.8 दिन रहा।
- दंतेवाड़ा में 56.6 दिन रहा।
- धमतरी में 53.3 दिन रहा।
- दुर्ग में 49.9 दिन रहा।
- गरियाबंद में 53.8 दिन रहा।
- जांजगीर में 57.6 दिन रहा।
- जशपुर में 66.2 दिन रहा।
- कबीरधाम में 45.2 दिन रहा।
- कांकेर में 61 दिन रहा।
- कोण्डागांव में 59.6 दिन रहा।
- कोरबा में 65 दिन रहा।
- कोरिया में 57.8 दिन रहा।
- महासमुंद में 47.2 दिन रहा।
- मुंगेली में 48.8 दिन रहा।
- नारायणपुर में 75.5 दिन रहा।
- रायगढ़ में 57.4 दिन रहा।
- रायपुर में 49.8 दिन रहा।
- राजनांदगांव में 57.3 दिन रहा।
- सुकमा में 65.6 दिन रहा।
- सूरजपुर में 55.7 दिन रहा।
- सरगुजा में 59 दिन रहा।

कोरोना की तीसरी लहर से लड़ने की तैयारी

वैक्सीन से पहले बच्चों के लिए बाल रक्षा किट ला रही है केंद्र सरकार

नई दिल्ली (ए.)। कोरोना की तीसरी लहर आने की आशंकाओं के बीच ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद (एआईआईए) ने 16 साल तक की आयु के बच्चों के लिए इम्युनिटी बढ़ाने वाली दवा 'बाल रक्षा किट' तैयार की है। एआईआईए आयुष मंत्रालय के अधीन है। मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि यह किट बच्चों को कोरोना संक्रमण से लड़ने और उन्हें स्वस्थ रखने में मदद करेगा।

अधिकारियों ने कहा कि इस किट में तुलसी, गिलोय, दालचीनी, मुलैठी और सूखे अंगूर से तैयार सीरप, जिसमें बेहतरीन औषधीय गुण हैं, के अलावा अणु तेल, सितोपलादि और च्यवनप्राश शामिल है, जिनके लगातार उपभोग से बच्चों में इम्युनिटी का स्तर मजबूत होता है।

अधिकारियों ने बताया कि आयुष मंत्रालय की सख्त गाइडलाइंस के तहत किट तैयार किया गया है। उत्तराखंड में प्लांट वाले सरकारी उपक्रम इंडियन मेडिसीन फार्मास्युटिकल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईएमपीसीएल) की ओर से इसका उत्पादन किया गया है।

2 नवंबर को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर एआईआईए की ओर से 10 हजार मुफ्त किट बांटे जाएंगे।

आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को मिलेंगे सस्ते मकान

- 16 एकड़ में ईडब्ल्यूएस मकान के लिए फेंसिंग शुरू
- कलेक्टर ने बैठक में की समीक्षा, कहा तेजी से आरंभ कराएं

भिलाई/नवप्रदेश। आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को ईडब्ल्यूएस मकान देने की दिशा में बड़ा काम शुरू हो गया है। 16 एकड़ भूमि की फेंसिंग शुरू हो चुकी है जहां यह मकान बनाये जाएंगे। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर भूमि के चिन्हांकन कार्य के निर्देश दिए गए थे। कलेक्टर ने इस संबंध में विस्तार से निगम की बैठक में समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 10 भूखंडों में फेंसिंग की जा रही है और इससे 16 एकड़ क्षेत्र में मकान बनने का रास्ता खुल पाएगा। कलेक्टर ने इन निर्माण कार्यों को तेजी से करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ईडब्ल्यूएस के मकान तेजी से बनने से हितग्राहियों को काफी आसानी होगी। बैठक में निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे भी उपस्थित थे। पेयजल समस्या का निदान करें, यह सर्वोच्च प्राथमिकता. कलेक्टर ने कहा कि बीते दिनों उन्होंने फरीद नगर का भ्रमण किया था। यहां जिन क्षेत्रों में पेयजल की समस्या है, उन्हें दूर करने के लिए कार्ययोजना के मुताबिक कार्य करें। बूस्टर पाइप लाइन आदि के माध्यम से तय समय सीमा में यह कार्य करें। इसके साथ ही यह भी देखें कि तब तक के लिए टैंकर आदि के साधनों से पानी जाता रहे। उन्होंने कहा कि वे लगातार इस क्षेत्र की मानिटरिंग करेंगे। जोन कमिश्नर यह सुनिश्चित करें कि इस कार्य में किसी तरह की ढिलाई नहीं हो। जोन कमिश्नर देख लें कि उनके क्षेत्रों में किसी तरह की पेयजल की समस्या नहीं हो। कलेक्टर ने कहा कि साफ-सफाई की नियमित व्यवस्था बेहद आवश्यक है और इसके लिए नियमित मानिटरिंग जरूरी है। जोन कमिश्नर हर दिन किसी वार्ड में जाएं और सफाई की मानिटरिंग करें। इसमें किसी भी तरह की शिकायत नहीं होनी चाहिए।

ठेकेदार को नोटिस, भुगतान भी रोकने के निर्देश

रिसाली/नवप्रदेश। निगम क्षेत्र में उद्यानों को हरा भरा रखने हर साल लगभग 30 लाख से अधिक की राशि खर्च की जा रही है। इसके बाद भी गार्डन की सुंदरता को ग्रहण लगते जा रहा है। गार्डन के स्वरूप को बदलता देख निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने उचित रख रखाव की जगह खानापूर्ति करने वाले ठेकेदारों को नोटिस देने के साथ ही भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश दिए है। आयुक्त ने सख्ती भरे शब्दों में निर्देश दिए है कि उद्यान रख रखाव के नाम पर खाना पूर्ति करने वाले ठेकेदारों को एक सप्ताह के भीतर जवाब देना होगा। नोटिस का जवाब संतोष जनक नहीं होने पर भुगतान नहीं किया जाएगा। दरअसल आयुक्त को क्षेत्र के गार्डनों का निरीक्षण किया।

शहर के बड़े-छोटे गार्डनों तक पहुंचे। इस दौरान नोडल अधिकारी रमाकांत साहू, हिमांशु कावड़े, गोपाल सिन्हा समेत स्वास्थ्य विभाग के बृजेन्द्र परिहार उपस्थित थे। उद्यान रख रखाव करने हुए ठेकेदार को हर सीजन में फूलवारी, छायादार व शो.पत्ती वाले पौधे लगाना है। साथ ही पेड़ों की छटाई के अलावा घास के बीच ऊगे खरपतवार को निकालकर घास की कटाई करना है।

न्यूज गैलरी

डिप्टी कलेक्टर ने खाने की क्वालिटी चखा

दुर्ग। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर खेमलाल वर्मा पुलगांव स्थित वृद्ध आश्रम में पहुंचे। यहां पर उन्होंने खाने की क्वालिटी चखकर देखी। कलेक्टर भुरे ने बीते दिनों समीक्षा बैठक में निर्देशित किया था कि वृद्धाश्रम में व्यवस्था की मॉनिटरिंग करें। यहां पर कलेक्टर ने जिला अस्पताल में डाइटिशियन के माध्यम से डाइट चार्ट भी बनाने के निर्देश दिए थे। साथ ही बुजुर्ग जनों से मुलाकात की। वर्मा ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर नियमित रूप से अब यहां पर चिकित्सक की टीम भेजी जाएगी जिसके माध्यम से आरंभिक रूप से ही किसी तरह की जटिलता आने की स्थिति में उपचार आरंभ किया जा सकेगा।

आयुक्त ने अधिकारी से मांगी रिपोर्ट

भिलाई। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे अचानक रेलवे स्टेशन के समीप स्थित वाहन शाखा पहुंचे। अचानक निगमायुक्त के पहुंचने से वाहन शाखा के कर्मचारी अलर्ट मोड में आ गए। आयुक्त ने सीधे उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। उपस्थिति पंजी में अंकित सभी के नाम की उपस्थिति एवं उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली, कुछ कर्मचारियों ने उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर नहीं किए थे तो कुछ ने लंबे समय से अपनी उपस्थिति रजिस्टर में दर्ज नहीं कराई है। इस पर आयुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए वाहन प्रभारी को प्रतिदिन उपस्थिति पंजी का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि उपस्थिति पंजी में प्रतिदिन हस्ताक्षर होना आवश्यक है। यदि कोई कर्मचारी किसी कारणवश अवकाश में है तो रजिस्टर में अवकाश का आवेदन संलग्न करें इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

दुर्ग। प्रधानमंत्री खाद्यान्न अन्न योजना के तहत देश के लगभग 80 करोड लोगों को प्रधानमंत्री मोदी सरकार के द्वारा 5 किलो राशन नवंबर माह तक दिया जा रहा है। लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार के द्वारा इसे अपना बताते हुए आम जनमानस को दिग्भ्रमित कर रही है इसी विषय को लेकर भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आगामी दिनों विधानसभा स्तर से लेकर राशन दुकानों के सामने धरना प्रदर्शन का आयोजन होना है। इस विषय को लेकर तैयारी बैठक जिला भाजपा कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष डॉ शिवकुमार तमेर की अध्यक्षता में आयोजित की। आयोजित बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में राजनांदगांव के पूर्व लोकसभा सांसद अभिषेक सिंह थे। सर्वप्रथम महिला मोर्चा की अध्यक्षा उपासना चंद्राकर ने तिलक लगा कर स्वागत किया मंच संचालन महामंत्री नटवर ताम्रकार ने किया। श्री सिंह ने राशन वितरण के अलावा अन्य जनकारियों पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान चंद्रिका चंद्राकर, ललित चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष संतोष सोनी, कांतिलाल जैन, कल्पना जोशी, दिनेश देवांगन, नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, गायत्री साहू, संदीप जैन, राहुल पंडित सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी केएस चौहान ने दी।

नवरात्रि पर्व की तैयारी को लेकर अफसरों को दिए आवश्यक निर्देश

दुर्गा पंडालों का कचरा लेने पहुंचेगी निगम की गाड़ी

दुर्ग/नवप्रदेश। महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त हरेश मंडावी ने निगम अधिकारियों की बैठक लेकर शहर में नवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए आवश्यक बैठक ली गई। इस दौरान एमआईसी सदस्य अब्दुल गनी, दीपक साहू, संजय कोहले, भोला महोबिया, हमीद खोखर, मनदीप सिंह भाटिया, विजेंद्र भारद्वाज के अलावा कार्यपालन अभियंता एमपी गोस्वामी, कार्यपालन अभियंता राजेश पांडेय, जितन्द्र समैया, प्रकाशचंद थावनी, दुर्गेश गुप्ता, वीपी मिश्रा, आरके पालिया उपअभियंता उपस्थित थे। बैठक में महापौर ने नवरात्रि के पावन पर्व पर शहर में प्रकाश व्यवस्था, सफाई व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान लेने को कहा गया है सड़को पर गढ्ढे को पेजवर्क करने के लिए निर्देश दिया गया। नवरात्रि पर्व पर शहर क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रो से श्रद्धालुओं को देवी दर्शन हेतु लोगो का आवागन लगा रहता है इसको ध्यान में रखते हुए नागरिको को परेशानियों का सामना न करना पड़े। जिसके लिए शहर में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिया गया। महापौर ने कहा शहर के मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर जहाँ लोगो का आवगमन होता है जैसे कि पुरानी गंजमंडी, माँ चंडी माता चौक, महाराजा चौक, स्टेशन रोड, मालवीय नगर, कसारीडीह, केलाबाड़ी, डिपरापारा, बैद्यनाथ पारा, शनिचरी बाजार, शक्तिचौरा गंजपारा, पंचशील नगर, नया पारा, पद्मनाभपुर, बैगापारा, ग्रीन चौक समेत अन्य जगहों पर प्रकाश व्यवस्थाओं के साथ साफ सफाईएचुने से मार्किंग करने और जहां.जहाँ गढ्ढे हो शीघ्र भरने के निर्देश दिए। इसके लिए जो भी तैयारी करना है आपस में तय कर पूरा करें।

दो दिवसीय वीमेन हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम

भिलाई/ नवप्रदेश। महिलाओं के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए भिलाई के कल्याण महाविद्यालय में दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम के प्रथम दिवस में मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर सुजाता ऐय्यर जो कि महिला स्वास्थ्य सलाहकार है उन्होंने मेंटल हेल्थ, फिजिकल हेल्थ, स्पिरिचुअल हेल्थ एवं सोशल हेल्थ इसके अतिरिक्त उन्होंने छात्राओं को आत्म सुरक्षा, कम उम्र में होने वाले तनाव जैसे हार्ट अटैक से बचाव आदि विषयों पर छात्रों को मार्गदर्शन दिया। इस अवेयरनेस प्रोग्राम के द्वितीय दिवस में मुख्य वक्ता के रूप मे उज्जवला तमेर जो कि स्त्री रोग विशेषज्ञ है। उन्होंने इस कार्यक्रम के दौरान कैंसर जैसे जटिल बीमारी के विषय में भी चर्चा की जिसमें उन्होंने महिलाओं में होने वाले कैंसर के लक्षण तथा उसके बचाव के बारे में अवगत कराया। इस कार्यक्रम के दौरान एनएसएस एवं एनसीसी की छात्राओं ने अपने स्वास्थ्य से संबंधित परेशानियों को वक्ता के समक्ष रखा जिसका निवारण वक्ताओं ने बहुत ही सरलता के साथ किया। साथ ही इस सेमिनार में एनएसएस की स्वयं सेविकाओं को बी एवं सी सर्टिफिक्रेट प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का संबोधन महाविद्यालय की एनएसएस ऑफिया (संयोजक) डॉ नीलम शुक्ला एवं एनसीसी ऑफि सर सह संयोजक डॉक्टर नागमणि के द्वारा किया गया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202109100400

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री सत्यपाल आ. रज्जू प्रसाद निवासी जामुल द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 598/13 रकबा 0.019 हें 2100 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202109100400418

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका खेम साहू पति तरुण कुमार साहू निवासी इस्पात नगर रिसाली भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 131/3 रकबा 0.011 हें 1200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202109100400419

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री युवराज साहू आ. आर.बी. साहू निवासी सिकोला द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 565/85 रकबा 0.014 हें 1650 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202109100400390

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री भोजराम ठाकुर आ. मलखन ठाकुर निवासी मरोदा सेक्टर भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 599/19 रकबा 0.0190 हें 2100 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202109100400332

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका संध्या श्रीवास पति आशीष कुमार श्रीवास निवासी भिलाईनगर द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 659/22 रकबा 0.017 हें 1830 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202109100400

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका जी. विमला कुमारी आ. जी.राजा शेखर निवासी पिथौरा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 440/5 रकबा 0.0240 हें 2422.58 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुमित्रा सोनी पिता/पति राजकुमार सोनी निवासी मैथिलपारा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम मोहलाई प.ह.नं. 06 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नबर 546 रकबा 0.1900 हे. भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता रजिया बेगम पिता/पति मो. सलीम रजा अन्य के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 14.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.09.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुमित्रा सोनी पिता/पति राजकुमार सोनी निवासी मैथिलपारा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम मोहलाई प.ह.नं. 06 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नबर 545/1 रकबा 4370 वर्गफीट भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता शत्रुहन देवांगन पिता मेघनाथ देवांगन के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 14.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.09.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.//अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लेखराम राउत पिता साधुराम राउत निवासी भटगांव तहसील व जिला दुर्ग द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है कि उनके मंगतीन के नाम पर ग्राम भटगांव प.ह.नं. तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 5/3, 103/2, 106/2, 377/2 रकबा 0.20, 0.16, 0.07, 0.08 हे. भूमि एकल खाता में दर्ज है। खातेदार/ सहखातेदार मंगतीन की मृत्यु दिनांक 09.07.2018 को होने से उनका नाम विलोपित कर वारिसान हक में मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 05.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.09.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.//अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीलमणी त्रिपाठी पिता स्व. सूर्यकांत त्रिपाठी निवासी सुभाषनगर कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है कि उनके पति के नाम पर ग्राम पीसेगांव प.ह.नं. तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 697/3, 604/1 रकबा 0.080, 1.700 हे. भूमि एकल खाता में दर्ज है। खातेदार/ सहखातेदार की मृत्यु दिनांक 30.03.2021 को होने से उनका नाम विलोपित कर वारिसान हक में मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 08.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.09.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रामस्वरुप मरकाम पिता मुसरु मरकाम निवासी ग्राम आशीष नगर रिसाली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 497/23 रकबा 610 वर्गफीट भूमि को विक्रेता श्रीमती सुलोचना चौधरी पति स्व. रामप्रसाद चौधरी निवासी ग्राम रिसाली सेक्टर भिलाई से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 19.08.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दानग्रहिता श्री संतोष कुमार टी. आर. पिता स्व. टी. रामाकृष्णन निवासी ग्राम सेक्टर-10 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 257/19 रकबा 0.030 हे. भूमि को दानदाता रुकमणी पति स्व. टी. रामाकृष्णन निवासी ग्राम सेक्टर-10 भिलाई से रजिस्टर्ड दानपत्र दिनांक 27.09.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड दानपत्र के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

ई.पंजी. 202109100700408

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह पिता बद्रीविशाल सिंह निवासी ग्राम मुक्तनगर बोरसी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला स्थित भूमि खसरा नंबर 116/2/3, 117/1, 3, 4, 89/2,6, 35, 189, 89/212, 80/230 का टु. रकबा 1500 वर्गफीट भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिक भूमि के खातेदार/वसीयतकर्ता श्रीमती बिन्देश्वरी सिंह के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 20.12.2018 पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

ई.पंजी. 202109100700411

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह पिता बद्रीविशाल सिंह निवासी ग्राम मुक्तनगर बोरसी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह स्थित भूमि खसरा नंबर 786/57 रकबा 0.018 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिक भूमि के खातेदार/ वसीयतकर्ता श्रीमती बिन्देश्वरी सिंह के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 20.12.2018 पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अनिल कुमार सिंह पिता स्व. नंदकिशोर सिंह निवासी ग्राम बोरसी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी प.ह.न. 23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 201/24 रकबा 0.054 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार स्व. नंदकिशोर की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 08.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सरिता अरजरिया पति स्व. शरदकुमार अरजरिया निवासी विद्यानगर बेल्लारी कर्नाटक के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 274/32 रकबा 0.02 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार शरद कुमार अरजरिया की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री चंद्रकांत त्रिपाठी अन्य पिता शिवपूजन त्रिपाठी निवासी सुभाषनगर कसारीडीह मौजा अण्डा प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 207/3 का टु. रकबा 0.009 हे. भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार शिव कुमार पिता स्व. पंचम से दिनांक 19.02.2021 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 08.10.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा तह. धमधा जिला दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2020-21

ई.पंजी.- 20210910280055

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री निलेश मसीह पिता नहुम मसीह निवासी भिलाई 03 एश्वर्या गैस एजेंसी चरोदा तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पेश किया है कि मौजा ग्राम जंजगिरी प.ह.न. 49 रा.नि.मं. मुरमुंदा तहसील धमधा जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 600/67 रकबा 0.017 हे. भूमि भूमिधारक नहुम मसीह पिता प्रेम मसीह के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। खातेदार नहुम मसीह पिता प्रेम मसीह की मृत्यु दिनांक 27.02.2021 को हो गया है। अतः मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर विधिक वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन-पत्र के आधार पर दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 20.10.2021 तक पेश कर सकते है नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.09.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, अहिवारा (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदास पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता हैं कि आवेदक श्री चैतूराम रात्रे पिता मंगलरात्रे निवासी लोहरसी तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा आवेदन पेश किया है कि उनके नाम पर ग्राम लोहरसी प.ह.न. 20 तहसील पाटन में भूमि खसरा नंबर 128, 134, 136, 138, 161 रकबा कुल 0.61 हे. है। मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋणपुस्तिका हेतु आवेदन मय शपथपत्र, पुलिस रिपोर्ट, अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ इस न्यायालय में पेश किया है। उक्त प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 05.10.2021 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेश कर सकतें हैं। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं होगा।

आज दिनांक 16.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री बंशीलाल देशमुख अन्य आ. माखनलाल निवासी जंजगिरी तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम तह. व जिला दुर्ग स्थित खाता क्रं... में दर्ज भूमि खसरा नंबर 1148 रकबा 0.3800, 0.3900 हे. भूमि जो कि आवेदक/आवेदिका बंशीलाल देशमुख अन्य के नाम पर शामिलात रुप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का पूर्व में हुए आपसी बंटवारा एवं कास्त कब्जा के आधार पर पृथक-पृथक सामान हिस्सो में खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 12.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./29/अ-20(1) वर्ष 2019-20

आवेदक करणजीत सिंह बल पिता स्व. हरजीत सिंह बल निवासी ग्राम शनिचरी बाजार रोड आपापुरा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित मोहल्ला आपापुरा नजूल शीट क्रमांक 30 सी भूंखड क्र 97/3 क्षेत्रफल 61.46 वर्गमीटर आवासीय/ व्यवसायिक भूखण्ड स्थाई नजूल पट्टे पर उन्हे प्राप्त है, जिसकी पट्टा अवधि 31.03.2032 है। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन मंत्रालय रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 04-07/ 7-1/2019 दिनांक 11.09.2019 एवं 26.10.2019 में जारी निर्देशों के अनुक्रम में धारक/ पट्टेदार द्वारा शासन की शर्तो के अनुरुप उक्त भूखण्ड का भूमिस्वामी अधिकार प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18.10.2021 या इसके पुर्व इस न्यायालय में स्वतःया किसी अधिकृत व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखण्ड संबंधी जानकारी हो प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। इसके पश्चात् प्राप्त आक्षेप/ आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.09.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अजय कुमार साहू पिता बैजनाथ प्रसाद निवासी मकान नं. 3016 वार्ड 22 राष्ट्रीय विद्यालय के पास बैकुंठनगर कैम्प-2 भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. यह शपथ करता हूं कि मैने अपना पुराना नाम अजय कुमार साहू को त्याग कर नया नाम अजय कुमार रख लिया है।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य मेरे सभी दस्तावेजों में मेरे नए नाम अजय कुमार से मुझे जाना-पहचाना जावे।

अजय कुमार पिता बैजनाथ प्रसाद
निवासी म.न. 3016 वार्ड 22
बैकुंठनगर कैम्प-2 भिलाई
तह. व जिला दुर्ग

न्यूज गैलरी

परिक्षेत्र अधिकारी कारपेन्टर को प्रतापपुर का अतिरिक्त प्रभार

रायपुर/नवप्रदेश। सूरजपुर वनमंडल के अंतर्गत प्रभारी परिक्षेत्र अधिकारी उपवन क्षेत्रपाल कमलेश राय के निलंबन के कारण अब प्रभारी परिक्षेत्र प्रभारी सूरजपुर अक्षयलाल कारपेन्टर को प्रभारी परिक्षेत्र अधिकारी प्रतापपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। निलंबन अवधि में उपवन क्षेत्रपाल राय का मुख्यालय सूरजपुर वनमंडल कार्यालय निर्धारित किया गया है।

मंत्रालय में नौकरी दिलाने के नाम पर महिला से किया गैंगरेप, मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। मुजगहन थाना क्षेत्र में महिला से गैंगरेप का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने थाने में शिकायत किया कि अज्ञात आरोपियों ने उसे मंत्रालय में नौकरी दिलाने का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया है। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। महिला 10वीं पास है और शादीशुदा है। पीड़िता को आरोपियों ने सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर सूनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। यह सिलसिला पीड़िता के साथ कई बार चला। जिसके बाद उसने इसकी शिकायत थाने में की। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

शिकायत के बाद चौरसिया कॉलोनी की बंद स्ट्रीट लाइटों को कराया गया चालू

रायपुर/नवप्रदेश। शहर के चौरसिया कालोनी में खराब होने के कारण बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को शिकायत मिलने के बाद सुधारा गया। नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 6 के क्षेत्र में आने वाली चौरसिया कालोनी में स्ट्रीट लाइट खराब होने की जनशिकायत मिलते ही रायपुर कलेक्टर सौरभ कुमार एवं नगर निगम आयुक्त प्रभात मलिक ने उक्त जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेकर नगर निगम रायपुर के कार्यपालन अभियंता विद्युत कमलेश वर्मा को तत्काल टीम भेजकर चौरसिया कॉलोनी क्षेत्र की प्रकाश व्यवस्था को सुधारने के निर्देश दिये। जिसके बाद विद्युत विभाग एवं सीएसपीडीसीएल की टीम को चौरसिया कालोनी की प्रकाश व्यवस्था का निरीक्षण करने भेजा। निरीक्षण के दौरान सड़क बत्ती एल टी लाइन शार्ट सर्किट पायी गयी। उक्त लाईन के शार्ट सर्किट फाल्ट को नगर निगम जोन 6 के विद्युत विभाग एवं सीएसपीडीसीएल की टीम द्वारा स्थल पर तत्काल सुधार कर प्रकाश व्यवस्था को चौरसिया कॉलोनी क्षेत्र में दुरुस्त किया गया एवं सभी बंद पड़ी स्ट्रीट लाईटों को चालू कर दिया गया। नगर निगम कार्यपालन अभियन्ता विद्युत श्री वर्मा ने नगर निगम के जोन 6 की विद्युत विभाग की टीम के कर्मचारियों को चौरसिया कॉलोनी क्षेत्र की प्रकाश व्यवस्था का जोन स्तर पर नियमित निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

मार्निंग वाक पर निकली महिला से चैन स्नेचिंग

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में लगातार बढ़ती चैन स्नेचिंग की वारदातों से महिलाएं स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही है। मामला डीडी नगर के पल्लवी विहार कालोनी सेक्टर 1 का है जहां सोमवार सुबह तकरीबन 5.30 बजे मोटर सायकल में आये अज्ञात बदमाश ने सेक्टर 3 जाने का रास्ता पूछते हुए महिला के सामने से वापस चला गया जिसके बाद मूड़कर महिला के पास जाकर गोल चौक जाने का रास्ता पूछने लगा और पुनः वापस जाकर दोबारा पीछे से महिला के गले से तकरीबन 1 तोले की सोने की चैन को लेकर भाग गया व महिला को धक्का देकर गिरा दिया। घटना के बाद से महिला का स्वास्थ्य खराब होने के कारण महिला ने 3 दिन बाद थाना पहुंच रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने अपराध दर्ज कर अज्ञात चैन स्नैचरों की जांच में जुट गई है।

नवा रायपुर में फर्राटे पर रोक, स्पीड डिटेक्टर की मदद से भेजा जाएगा मालिकों को ई-चालान

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए शहर की यातायात पुलिस काफी सख्त रवैया अपनाने के मूड में है। रायपुर शहर में फर्राटे में रोक लगाने नवा रायपुर में भी गाड़ियों के फर्राटे भरने पर रोक लगाई जाएगी।

दरअसल, नवा रायपुर में रहवासियों की संख्या काम होने के कारण सड़कों में वाहनों की आवाजाही काफी कम रहती है। इसका पूरा लाभ तेज गति से वाहन चलाने वालों एवं स्टंट करने वाले वाहन चालकों द्वारा बखूबी से उठया जाता है। कई बार नवा रायपुर में ही स्टंट और तेज रफ्तार के कारण दुर्घटनाएं हुई हैं,जो जान लेवा भी साबित हुई। इसके बावजूद इस क्षेत्र में वाहन चालक नियमों को ताक में रखकर फर्राटे भरने में कोई गुरेज नहीं करते हैं।

इन्ही आतताइयों पर नकेल कसने यातायात पुलिस ने नवा रायपुर में भी नियमों के तहत वाहन की स्पीड पर रोक लगाएगी। रायपुर शहर की तर्ज पर नवा रायपुर में भी तेज गति से वाहन चलाने वालों, स्टंट करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध ई-चालान की कार्रवाई की जाएगी, जिसकी तैयारी कर ली गई है।

बरसों से थी मांग

नवा रायपुर की सड़कों पर उपद्रवी एवं शरारती तत्वों द्वारा तेज गति से वाहन चलाने की शिकायतें लगातार बढ़ते ही जा रही थी जिसके बाद यातायात पुलिस बीते कई सालों से मांग कर रही थी कि रायपुर शहर की ही तरह नवा रायपुर में भी कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बनाकर वाहनों की गति पर रोक लगाया जाये ताकि दुर्घटनाये

कम हों। राज्य शासन ने मांग पूरी कर दी है, जिसके बाद आरटीओ, इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर व यातायात पुलिस रायपुर द्वारा समन्वय स्थापित कर रायपुर शहर की तर्ज पर नवा रायपुर में भी तेज गति से चलने वाले वाहन चालकों पर ई-चालान की कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है।

11 पॉइंट से होगी निगरानी

रायपुर पुलिस के यातायात दस्ते ने इसके लिए अब वहां लगे कैमरों और स्पीड डिटेक्टर की मदद से ई-चालान की तैयारी कर ली है। यातायात पुलिस रायपुर के प्रयासों से इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, एनआईसी, आरटीओ के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर नवा रायपुर की सड़कों पर 11 प्रमुख स्थानों में 40 सीसीटीवी कैमरा लगाए गए है। जिसके माध्यम से 65 किमी प्रति घंटे से अधिक गति से वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध ई चालान की कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है। नवा रायपुर की सड़कों पर तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक गाडी चलाने वालों के खिलाफ अब चालान उनके घर पर भेजा जाएगा।

मोबाइल से भी कर सकेंगे ई-चालान का भुगतान

ई-चालान जारी होने पर उल्लंघन कर्ता वाहन चालक को घर बैठे अपने मोबाइल के माध्यम से दिए गए लिंक पर जाकर अपना चालान भुगतान करने की सुविधा दी गई है। प्रथम बार उल्लंघन करने पर मोटर यान अधिनियम के तहत निर्धारित समन शुल्क राशि जुर्माना देय होगा और इसके बाद के चालान पर दोगुना राशि बतौर जुर्माना जमा करना पड़ेगा।

कांग्रेस का तो इतिहास रहा है असभ्य, जहरीली और धमकी भरी भाषा का : डा. रमन सिंह

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने कांग्रेस की भाषा पर एक बार फिर निशाना साधते हुए ट्वीट कर कहा कि कांग्रेस का तो इतिहास रहा है असभ्य, जहरीली और धमकी भरी भाषा का। ज्ञात हो कि प्रदेश भाजपा के प्रकाशन प्रमुख पंकज झा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस नेताओं द्वारा उपयोग किये गए अपशब्दों की सूची जारी की है। यह सूची जारी करते हुए श्री झा ने मुख्यमंत्री श्री बघेल को पत्र भी लिखा है। पूर्व मुख्यमंत्री डा. सिंह ने इस सूची में कांग्रेस नेताओं द्वारा किये गये अपशब्द भाषा को लेकर कहा कि मौत का सौदागर नीच, मूर्ख, कायर, यह सब कांग्रेस पार्टी की वर्णमाला के ही शब्द हैं। उन्होंने कहा कि इस लेख को पढ़ने से पता चलता है कि कांग्रेस कैसे हर बार भाषा की मर्यादाएं लांघती है।

महिला कांग्रेस के नए झंडे का किया अनावरण, प्रतीक चिन्ह बदला गया

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय महिला कांग्रेस ने अपने संगठन के लिए नए मोनो वाला झंडा तैयार किया है। महिला कांग्रेस का पुराना झंडा बदल दिया गया है और उसका अब नया झंडा होगा। इसी कड़ी में गुरुवार को राजधानी के कांग्रेस मुख्यलय राजीव भवन में कांग्रेस की राजयसभा सांसद फूलोदेवी नेताम और छाया वर्मा ने इस झंडे का अनावरण किया।

आपको बता दें कि बदले गए झंडे में कांग्रेस के चुनाव चिन्ह हाथ में महिला कांग्रेस का प्रतीक चिन्ह (लोगो) लगाया गया है, जबकि महिला कांग्रेस के झंडे पर सिर्फ उनका प्रतीक चिन्ह ही हुआ करता था। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा नेट्टा डिसुजा के आदेश पर छत्तीसगढ़ की महिला कांग्रेस द्वारा इस नए मोनो वाले झंडे की ओपनिंग की गई। इस मौके पर प्रदेश महिला कांग्रेस से जुड़े अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्त्ता उपस्थित थे। इस मौके पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से जिला महिला कांग्रेस की पदाधिकारी एवं भारी संख्या में महिला कार्यकर्त्ताएं उपस्थित थीं।

महिला कांग्रेस को उनके नए झंडे की बधाई देते हुए फूलोदेवी नेताम ने कहा कि यह झंडा कांग्रेस के साथ-साथ उससे जुड़ी हर महिला की आन, बान व शान है।

अब महिला कांग्रेस की भी यह जिम्मेदारी है कि अब और ज्यादा जोर-शोर से पार्टी की नीतियों को आमजन तथा घर-घर तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि आज सबसे ज्यादा परेशान देश व प्रदेश में महिलाएं ही हैं, क्योंकि केंद्र की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते महंगाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और इसका सबसे ज्यादा असर महिलाओं की रसोई पर ही पड़ रहा है।

मंत्रालय में नौकरी लगाने का झांसा देकर लाखों की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। मंत्रालय में डाटा एंट्री के पद पर सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने की रिपोर्ट गोबरा नवापारा थाने में दर्ज करायी गई है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक वार्ड क्रमांक 20 शीतला पारा नवापारा ताकेश्वर कुमार साहू 36 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि वह एमबीए और पीजीडीसीए की पढ़ाई किया है। पूर्व में वर्ष 2010 से वर्ष 2017 तक पुणे में प्राईवेट नौकरी कर रहा था। तबीयत खराब होने से वापस घर आ गया एवं बेरोजगार था। इसी दौरान सिद्धार्थ बंगानी नामक व्यक्ति से उसका संपर्क हुआ, जिसने बड़े अधिकारियों के साथ अपनी पहुंच बताकर साहू को मंत्रालय में डाटा इंट्री ऑपरेटर के पद पर नौकरी लगाने का झांसा दिया। आरोपी ने अलग-अलग किश्तों कुल 20 लाख रुपये लिए । लेकिन लगातार नौकरी के नाम पर उसे गुमराह करते रहा और नौकरी नही लगावाई पैसा वापस मांगने पर पैसा नही दिया। इस पर आरोपी के विरूद्ध थाना गोबरानवापारा में अपराध क्रमांक 337/21 धारा 420 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। इसी तरह से सिद्धार्थ बंगानी ने अनुराग दास नामक व्यक्ति को भी नौकरी लगाने का झांसा देकर उससे भी दो लाख एक हजार रुपये की ठगी की थी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना गोबरानवारा पुलिस की टीम द्वारा प्रकरण के आरोपी सिद्धार्थ बंगानी को गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर उसके द्वारा प्रार्थी को नौकरी दिलाने के नाम पर 20 लाख रूपए की ठगी करने के साथ ही अन्य लोगों को भी नौकरी लगाने का झांसा देकर लाखों रूपए ठगी करना स्वीकार किया। आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे हिरासत में लिया गया है।

शादीशुदा महिला से अवैध संबंध की वजह से शराब में दिया जहर, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में एक व्यक्ति ने शादीशुदा महिला से अवैध संबंध की वजह से अपने दोस्त को शराब के साथ जहर देकर हत्या कर दिया। इस मामले में आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मंदिर हसौद थाना इलाके के चंदखुरी गांव में 12 सितंबर को दोपहर द्रोण कुमार सेन 32 वर्ष पिता गेंदराम सेन का शव नगपुरा जावा रोड के किनारे नाले के पास मिला था। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जहर दिए जाने की पुष्टि होने के बाद घटना वाले दिन के सीसीटीवी फुटेज की जांच करने के साथ ही गांव के रहवासियों से पूछताछ की थी। तब पुलिस को पता चला था कि मृतक की पत्नी के साथ पुनीत धीवर 30 वर्ष पिता दौलत धीवर निवासी चंदखुरी बस्ती मंदिर हसौद रायपुर के शख्स का अवैध संबंध है। हत्या के इस मामले में पुलिस के शक की सुई पुनीत धीवर पर ही घूम रही थी और जब उसके खिलाफ पुख्ता सबूत जुटा आरोपी को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की, तब उसने द्रोण कुमार की हत्या का जुर्म कबूला कर लिया। पुलिस ने बताया कि सात माह पूर्व ही इस अवैध संबंध के बारे में सबको पता चल गया था।

मगर महिला के आशिक पुनीत ने यह बात जाहिर नहीं होने दी और सबको धोखे में रखने की कोशिश करता रहा। मामले के खुलने के बाद वह द्रोणकुमार को रास्ते से हटाने के बारे में साजिश रचता रहा। एक दिन द्रोणकुमार को विश्वास में लेकर पुनीत ने शराब पीने के लिए बुलाया और मौका पाते ही शराब के गिलास में जहर मिला दिया, जिससे द्रोण सेन की मृत्यु हो गयी। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

ग्रीन आर्मी ऑफ रायपुर पालीथिन मुक्त शहर के लिए पदयात्रा निकालेगी 2 को

- **11 कदमों के माध्यम से जनसहयोग के जरिए पालीथिन को रायपुर से किया जाएगा बायकाट**

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में ग्रीन आर्मी ऑफ रायपुर द्वारा वृहत वृक्षारोपण अभियान चलाकर शहर को पर्यावरण संरक्षण के लिए हराभरा बनाने का महाअभियान लगातार जारी है। वहीं सरोवरों एवं नदियों की सफाई के लिए भी ग्रीन आर्मी के कार्यकर्ता हजारों की संख्या में अपने रायपुर को सुंदर स्वच्छ व प्रदूषण मुक्त शहर बनाने के लिए प्रयासरत है। इसी कड़ी में आज ग्रीन आर्मी पालीथिन मुक्त शहर के लिए आम लोगों से आहवान करने प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में पहुंची।

पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए ग्रीन आर्मी के संस्थापक अमिताभ दुबे, गोकुल नगर प्रभारी डॉ. अमर अग्रवाल, अध्यक्ष पीके साहू, वाइस विंग चेयरमैन हरदीप कौर जनसंपर्क अधिकारी शशीकांत यदु एवं महिला विंग प्रभारी श्रीमती चंदसोरिया ने संयुक्त रूप से दो अक्टूबर को ग्रीन आर्मी के हजारों कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों के साथ जनजागरण के लिए आजाद चौक से डीकेएस चौक होते हुए मोतीबाग तक जनजागरण पदयात्रा निकाले जाने की जानकारी दी।

पत्रकारवार्ता में वार्ताकारों ने बताया कि जब तक शहर में पालीथिन निर्माण के लिए बड़ी कंपनियों पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा तब तक शहर को पालीथिन से मुक्त करना संभव नहीं होगा। दुबे ने बताया कि 11 कदमों के माध्यम से प्रेसवार्ता का आयोजन, शासन प्रशासन को ज्ञापन देना, जनप्रतिनिधियों से मुलाकात, विचार गोष्ठियों का आयोजन 1 अक्टूबर को संकल्प दिवस स्कूल कालेज के विद्यार्थियों के लिए सफाई कार्यक्रम प्रत्येक रविवार को आठ बजे नारी शक्ति को जोड़ना, सामुदायिक भवन मालिकों व्यापारियों एवं कैटर्स की टीम को पालीथिन उपयोग न करने के लिए समझाइश देना के साथ ही उक्त अभियान गोकुल नगर से प्रारंभ किया जाएगा।

दुबे ने पत्रकारवार्ता में बताया कि शासन प्रशासन को सूचित किया गया है कि ग्रीन आर्मी द्वारा अक्टूबर नवंबर दिसंबर माह में आम लोगों से लेकर व्यापार, व्यवसाय करने वालों के लिए प्लास्टिक पालीथिन का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। 1 जनवरी 2022 से शासन प्रशासन के साथ मिलकर ग्रीन आर्मी के कार्यकर्ता दंडात्मक कार्रवाई में स्टिंग आपरेशन के जरिए शामिल होंगे।

नियुक्ति के लिए भटक रहे पटवारियों ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। पटवारी भी राज्य में बढ़ती बेरोजगारों की श्रेणी में खड़ा है। प्रशिक्षु पटवारियों ने गुरुवार को अपनी नियुक्ति की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। इन्हें प्रशिक्षण के बाद भी नौकरी नहीं मिली। हड़ताली प्रशिक्षु पटवारियों ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि उन्होंने जल्द ही नौकरी की व्यवस्था नहीं की तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

हड़ताल पर बैठे पटवारी विष्णु वर्मा ने कहा कि एक साल का प्रशिक्षण होता है, लेकिन पिछले तीन साल से प्रशिक्षण कर रहे हैं। 2018 में वित्त विभाग से अनुमति मिली थी। 250 पोस्ट के लिए लगभग एक लाख लोगों ने आवेदन भरा था। नियुक्ति नहीं मिलने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है।

प्रशिक्षु पटवारी विष्णु वर्मा ने बताया कि राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग में राज्य के 14 जिलों में पटवारी के लिए 250 पोस्ट पर चयन के लिए वित्त विभाग की अनुमति 2018 में मिल गई थी। व्यापम ने 2019 को नोटिफि केशन जारी किया। रिजल्ट मैरिट के आधार पर विभिन्न जिलों में काउंसलिंग के बाद राज्य के तीन पटवारी प्रशिक्षण शाला रायपुर, बिलासपुर और राजनांदगांव में 250 प्रशिक्षुओं पटवारी का प्रशिक्षण एक वर्ष के लिए 2019 में आरंभ हुआ, लेकिन शासन की लापरवाही के कारण यह प्रशिक्षण दो वर्षों तक चला। लगातार ज्ञापन सौंपने के बाद 2021 में एग्जाम कराया गया लेकिन अभी तक पोस्टिंग नहीं दी गई है। प्रशिक्षु हड़ताली पटवारियों का आरोप है कि शासन अब उन्हें घुमा रहा है। कहा जा रहा है कि वित्त विभाग की अनुमति नहीं हैं, इसलिए नियुक्ति नहीं दी जा रही है।

जंगली हाथी से एक ग्रामीण की मौत : वन विभाग के तीन एक रेंजर समेत तीन कर्मचारी निलंबित

- **वनमंत्री अकबर के निर्देश के परिपालन में विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई**

रायपुर/नवप्रदेश। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के निर्देश के पालन में त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त सरगुजा अनुराग वास्तव द्वारा वनमंडल सूरजपुर के अंतर्गत तीन विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों को कार्य में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई जंगली हाथी के कुचलने से वहां एक ग्रामीण की हुई मृत्यु पर की गई है। इनमें निलंबित अधिकरी-कर्मचारियों में उपवन क्षेत्रपाल प्रभारी परिक्षेत्र अधिकारी प्रतापपुर कमलेश कुमार राय, परिक्षेत्र सहायक प्रतापुर परिक्षेत्र गुलशन यादव तथा परिसर रक्षक प्रतापपुर परिक्षेत्र जीतन सिंह शामिल हैं।

गौरतलब है कि सूरजपुर वनमंडल के अंतर्गत प्रतापपुर परिक्षेत्र के ग्राम सरहरी, पतरापारा में 28 सितंबर की रात्रि लगभग 12 बजे जंगली हाथी द्वारा पैर से कुचलने के कारण एक ग्रामीण की मृत्यु हो गई। घटना के दरम्यान कार्य

में लापरवाही तथा ग्रामीणों को उचित समझाईश देने में असमर्थता के कारण उक्त तीनों अधिकारी-कर्मचारियों के निलंबन की कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि में तीनों अधिकारी-कर्मचारियों का मुख्यालय वनमंडल कार्यालय सूरजपुर निर्धारित किया गया है। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर ने हाल ही में समीक्षा बैठक लेकर समस्त विभागीय अमले को सख्त निर्देश दिए है कि राज्य में मानव-हाथी द्वंद को गंभीरता से लें और किसी तरह की लापरवाही न बरतते हुए मानव-हाथी द्वंद में कमी लाने सहित नियंत्रण तथा समुचित प्रबंधन के लिए समन्वित प्रयास करें। उन्होंने इस दौरान जंगली हाथियों के साथ साहचर्य हेतु ग्रामीणों में जन जागरूकता, प्रचार-प्रसार एवं ग्रामीणों को शिक्षा तथा उनके साथ द्वंद से बचने के लिए उपायों को आदान-प्रदान करने पर भी विशेष जोर दिया है। इसके तहत उन्होंने राज्य के जंगली हाथियों से प्रभावित वनमंडलों में हाथियों के संरक्षण तथा मानव-हाथी द्वंद को न्यूनतम करने के लिए विभिन्न प्रकार के नवाचार, क्षमता विकास प्रशिक्षण तथा जन जागरूकता आदि के कार्यक्रमों को भी बेहतर ढंग से संचालित करने के संबंध में निर्देशित किया है।

मुख्यमंत्री बघेल राजीव युवा मितान क्लब के सम्मेलन में शामिल हुए

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में राजीव युवा मितान क्लब द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में राज्य के सफल प्रतिभागी आकाश माल और आकाश शुक्ला और राज्य सिविल सेवा परीक्षा की प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले नीरनिधि नन्देहा सहित 10 विद्यार्थियों, पैराओलम्पिक में सिल्वर पदक विजेता योगेश कथुरिया, पर्वतारोही सु नैना सिंह धाकड़, पर्वतारोही चित्रसेन साहू, गायक सहदेव दिरदो, छत्तीसगढ़ी फिल्म कलाकार प्रकाश अवस्थी, छत्तीसगढ़ी गायक ऋषिराज पाण्डेय, छत्तीसगढ़ी गायिका सुआरु साहू को सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कॉमेडियन श्याम रंगीला और कलाकार सु काजल वास भी शामिल हुये। इस अवसर पर सांसद दीपक बैज, विधायक देवेन्द्र यादव, छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, युवा आयोग के अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार और बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों से आए युवा उपस्थित थे।

सहकारी बैंकों और समितियों को पूर्णत: कम्प्यूटरीकृत करने की कार्ययोजना बनाए: अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर ने सहकारी बैंक एवं सहकारी समितियों के काम-काज को कम्प्यूटराईज करने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। उन्होंने कहा है कि किसानों के हित में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत खरीफ की सभी फसलों, उद्यानिकी फसलों की इनपुट सब्सिडी की राशि के साथ ही धान, कोदो-कुटकी, रागी आदि की उपार्जन राशि का भुगतान किसानों को ऑनलाईन दिया जा रहा है। इसको देखते हुए सहकारी बैंकों एवं समितियों के काम-काज को अन्य बैंकों की तरह कम्प्यूटराईज किया जाना समय की मांग और आवश्यक है। चन्द्राकर ने अधिकारियों को

तत्काल कार्ययोजना को अमली रूप भी देने को कहा है, ताकि किसानों को उनके हक का राशि अविलंब उन्हें प्रदाय की जा सके।

अध्यक्ष चन्द्राकर ने सहकारी बैंकों एवं समितियों में राशि के लेन-देन का इस तरीके का सिस्टम डेव्हलप करने को कहा है कि किसानों को सहूलियत हो और उन्हें बैंकों और समितियों का चक्कर न लगाना पड़े। समितियों के माध्यम से किसानों को प्रदाय की जाने वाली आदान सहायता के रूप में सामग्री जैसे खाद-बीज आदि की जानकारी भी उन्हें ऑनलाईन मिल सके, इसका भी सिस्टम विकसित करने पर जोर दिया है। उन्होंने बैंकों एवं समितियों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के भी निर्देश दिए है, ताकि वह अपने दायित्वों को बिना किसी त्रुटि के सक्षमता के साथ निभा सके। देश के कई राज्य शासन के किसान हितैषी नीतियों को अपने राज्यों में लागू करने की दिशा में बढ़ रहे है। उन्होंने सहकारिता विभाग के अधिकारियों को किसानों के हित में अन्य राज्यों में संचालित कार्यप्रणाली का अध्ययन करने और किसानों के अनुकूल पाए जाने पर क्रियान्वित किए जाने का प्रतिवेदन तैयार करने के भी निर्देश दिए।

ट्रक चालक मादक पदार्थ हेरोईन बेचते पकड़ाया,1.2 ग्राम जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के आमानाका पुलिस ने एक ट्रक के केबिन से 1.2 ग्राम हेरोईन मादक पदार्थ जब्त की है। मिली जानकारी के मुताबिक आमानाका थाना पुलिस ने मुखबीर की सुचना पर बुधवार की देररात हीरापुर छठ तालाब शुलभ के सामने एक व्यक्ति अपने ट्रक के पास खड़े होकर नशीला पदार्थ हेरोईन बेच रहा है। मौके पर पहुंच पुलिस ने सुखजीत सिंह पिता दासंदा सिंह उम्र 42 वर्ष पता वार्ड नं. 10 खेमकरण, तहसील पट्टी, थाना खेमकरण जिला तरण तारण (पंजाब), हाल पता सिद्धु गोल्डन ट्रांसपोर्ट नगर, रावाभाठा, वार्ड 4, थाना खमतराई को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ हेरोईन(चिट्टा), वजनी करीबन 1.2 ग्राम कीमत 42 हजार रूपयें, तथा बिक्री की रकम 1800 तथा ट्रक क्रमांक सीजी 04 एलक्यू1677 को जब्त की है। मौके पर दबिश देकर पुलिस आरोपी के केबिन के अंदर तलाशी लेने पर झिल्ली में रखा 1.2 ग्राम हेरोईन मिला जिसे पुलिस ने जब्त कर आरोपी को हिरासत में लिया है।

संपादकीय

संक्रमणकाल से गुजरती कांग्रेस

भारत की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस जिसे सबसे ज्यादा समय तक देश में राज करने का अवसर मिला है वह इन दिनों संक्रमण काल से गुजर रही है जो चिंता का विषय है। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष की निरंकुशता पर अंकुश लगाने के लिए सशक्त विपक्ष का होना निहायत जरूरी है। यह काम कांग्रेस जैसी पार्टी ही कर सकती है जो आज भी प्रमुख विपक्षी पार्टी है किन्तु कांग्रेस इन दिनो अंतर्कलह का शिकार हो रही है। पंजाब का उदाहरण सामने है जहां कांग्रेस को फिर से सत्ता में लाने वाले कैप्टन अमरिंदर सिंह को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा और अब वे कांग्रेस भी छोड़ सकते है। उन्होने अपने ट्वीटर हैंडल से कांग्रेस शब्द को हटा लिया है और यह बयान भी दिया है कि वे अब कांग्रेस में नहीं रहेंगे। कैप्टन अमरिंदर सिंह के लिए ऐसे हालात पैदा करने वाले भाजपा से आयापित नवजोत सिंह सिद्धू पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बन गए लेकिन अब उन्होने भी अध्यक्ष पद से इस्तीफ देकर पंजाब में कांग्रेस के लिए फजीहत पैदा कर दी है। हालांकि नवजोत सिंह सिद्धू को मनाने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन अपने पद से इस्तीफा देकर उन्होने कांग्रेस की किरकिरी तो कर ही दी है। पंजाब के हालात को लेकर वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं कपिल सिब्बल, गुलामनबी आजाद और आनंद शर्मा ने कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक बुलाने की मांग की है जिसपर कांग्रेस हाईकमान क्या फैसला लेता है यह देखना होगा। दरअसल कांग्रेस के लिए यह न सिर्फ चिंतन का बल्कि चिंता का भी विषय होना चाहिए कि आखिर क्यों एक के बाद एक कांग्रेस के नेता पार्टी से किनारा कर रहे है। कांग्रेस को आज मजबूत बनाने की आवश्यकता है ताकि वह सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाए लेकिन कांग्रेस कमजोर पड़ने लगी है जो लोकतंत्र के हित में नहीं है। पार्टी हाईकमान को इस बारे में गंभीरता पूर्वक विचार करना चाहिए क्योंकि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी राष्ट्रीय पार्टी है जिसका पूरे देश में आज भी जनाधार है और आगे चलकर कांग्रेस ही भाजपा का विकल्प बन सकती है इसलिए कांग्रेस का सशक्त रहना देश के हित में है। उम्मीद की जानी चाहिए कि कांग्रेस हाईकमान अब स्थिति की गंभीरता को देखकर कांग्रेस के कायाकल्प के लिए उचित कदम उठाएगा।

विचार

इलाज-पत्र की नई पहल

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिसे 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन' कहकर शुरु किया है, उसे मैं हिंदी में 'इलाज-पत्र' कहता हूँ। नौकरशाहों द्वारा यह अधकचरी अंग्रेजी में गढ़ा गया नाम यदि सादी भारतीय भाषा में होता तो वह आम आदमी की जुबान पर आसानी से चढ़ जाता लेकिन जो भी हो, यह 'इलाज पत्र' भारत की आम जनता के लिए बहुत ही लाभकारी सिद्ध होगा। भारत सरकार की इस पहल का स्वागत इस रफ्तार से होना चाहिए कि यह कोरोना के टीके से भी जल्दी सबके हाथों तक पहुंच जाए। यह 'इलाज पत्र' ऐसा होगा, जो मरीजों और डाक्टरों की दुनिया ही बदल देगा। दोनों को यह मगजपच्ची से बचाएगा और इलाज को सरल बना देगा। अभी तो होता यह है कि कोई भी मरीज़ अपनी तबियत बिगड़ने पर किसी अस्पताल या डॉक्टर के पास जाता है तो दवाई देने के पहले डॉक्टर उसके स्वास्थ्य का पूरा इतिहास पूछता है। जरूरी नहीं है कि मरीज़ को याद रहे कि उसे कब क्या तकलीफहुई थी और उस समय डॉक्टर ने उसे क्या दवा दी थी। अब जबकि यह इलाज-पत्र उसके जेबी फोन में पूरी तरह से भरा हुआ मिलेगा तो मरीज तुरंत वह डॉक्टर को दिखा देगा और उसको देखकर डॉक्टर उसे दवा दे देगा। जरुरी नहीं है कि मरीज और डॉक्टर आमने-सामने बैठकर बात करें और अपना समय खराब करें। यह सारी पूछ-परख का काम घर बैठे-बैठे मिनिटों में निपट जाएगा। अस्पताल और डॉक्टरों के यहां भीड़-भड़क्का भी बहुत कम हो जाएगा। चिकित्सा के धंधे में ठगी का जो बोलबाला है, वह भी घटेगा, क्योंकि उस 'इलाज-पत्र' में हर चीज़ अंकित रहेगी। दवा-कंपनियों के साथ प्रायः डॉक्टरों की सांठ-गांठ के किस्से भी सुनने में आते हैं। इन कंपनियों से पैसे लेकर या कमीशन खाकर कुछ डॉक्टर और दवा-विक्रेता मरीजों को नकली या बेमतलब दवाएं खरीदने को मजबूर कर देते हैं। अब क्योकि हर दवा का इस 'इलाज-पत्र' में नाम और मूल्य दर्ज रहेगा, इसलिए फर्जी इलाज और लूट-पाट से मरीजों की रक्षा होगी। भारत में इलाज इतना मंहगा और मुश्किल है कि बीमारी से वह ज्यादा जानलेवा बन जाता है। एक मरीज़ तो जाता ही है, उसके कई घरवाले जीते जी मृतप्रायः हो जाते हैं। उनकी जमीन-जायदाद बिक जाती है और वे कर्ज के कुएं में डूब जाते हैं। ऐसा नहीं हैं कि भारत की स्वास्थ्य-व्यवस्था में यह 'इलाज-पत्र' क्रांति कर देगा लेकिन उसमें कुछ महत्वपूर्ण सुधार जरुर करेगा। देश की स्वास्थ्य-सेवाओं में समग्र सुधार के लिए बहुत-से बुनियादी कदम उठाए जाने की जरुरत अभी भी ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। यदि भारत की परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों में नए अनुसंधान को बढ़ाया जाए तो निश्चिय ही वे एलोपेथी से अधिक प्रभावशाली और सस्ती सिद्ध होंगी। वे जनता को भी शीघ्र स्वीकार्य होंगी। घरेलू इलाज से डॉक्टरों का बोझ भी कम होगा। इसका अर्थ यह नहीं कि हम ऐलोपेथी के फायदे उठाने में चूक जाएं। मेरा अभिप्राय सिर्फयही है कि भारत के 140 करोड़ लोगों को समुचित चिकित्सा और शिक्षा लगभग उसी तरह उपलब्ध हो, जैसे हवा और रोशनी उपलब्ध होती है। यदि ऐसा हो सके तो भारत को कुछ ही समय में संपन्न, शक्तिशाली और खुशहाल होने से कोई रोक नहीं सकता।

मोदी भारत के एनर्जी इकोसिस्टम में परिवर्तन के वास्तुकार

आरके सिंह

केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री

> प्रस्तावित रणनीति के तहत उर्वरक, शोधन और प्राकृतिक गैस नेटवर्क जैसे क्षेत्रों में उपयुक्त शासनादेश के जरिए हरित हाइड्रोजन के लिए शुरुआती मांग पैदा करना है और साथ ही इलेक्ट्रोलाइजर्स के स्वदेशी निर्माण को बढ़ावा देना है। यह अर्थव्यवस्था को सक्षम बनाएगा, प्रौद्योगिकी विकास की सुविधा प्रदान करेगा और लागत में तेजी से कमी लाएगा। यह मिशन मांग पैदा करने के प्रमुख क्षेत्रों और बाजार के उपकरणों; स्वदेशी विनिर्माण क्षमता विकसित करने खासतौर से इलेक्ट्रोलाइजर्स में; सुविधाजनक नीति और नियामक ढांचे की स्थापना; उत्पादन और आपूर्ति बुनियादी ढांचे का निर्माण; और हरित हाइड्रोजन के लिए अनुसंधान एवं विकास को शामिल करेगा। दूसरे देशों को ऊर्जा तक पहुंच हासिल करने में मदद के लिए, भारत ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) की स्थापना की है। आज, आईएसए के 98 सदस्य देश हैं, जो 2030 तक वैश्विक स्तर पर 1000 गीगावॉट सौर ऊर्जा स्थापित करने को सुविधाजनक बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। साल 2018 में, प्रधानमंत्री मोदी ने वन सन-वन वर्ल्ड-वन ग्रिड पहल का प्रस्ताव रखा था। यह एक वैश्विक ग्रीन ग्रिड की तरह है जो सीमाओं के पार सौर ऊर्जा पहुंचाएगा।

ग्रीन हाउस गैसों/सीओ2 उत्सर्जन के कारण ग्लोबल वार्मिंग ने दुनियाभर में चिंता बढ़ा दी है; इससे स्वच्छ ऊर्जा अपनाने का दबाव भी बढ़ा है। ऊर्जा संक्रमण अब अंतराष्ट्रीय एजेंडे में शीर्ष पर है और भारत, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता और दृढ़ संकल्प की बदौलत इसमें वैश्विक लीडर के रूप में उभरा है। पेरिस में सीओपी 21 में, भारत ने संकल्प लिया कि साल 2030 तक वह अपनी ऊर्जा क्षमता का 40 फीसदी गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से हासिल करेगा। इसके समानांतर, प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की कि भारत 2022 के अंत तक 175 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने का प्रयास करेगा- यह 2014 की अक्षय ऊर्जा क्षमता का लगभग 5 गुना था, लेकिन हम इसे हासिल करने के करीब पहुंच चुके हैं। आज हमारी अक्षय ऊर्जा क्षमता 147 गीगावॉट है (जलविद्युत समेत, जो दुनियाभर में आरई बास्केट में शामिल है); और हमारे पास 63 गीगावॉट पर काम चल रहा है। इस तरह यह 210 गीगावॉट तक बढ़ जाता है। हम नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में पहले से ही दुनिया में अग्रणी हैं। ब्लूमबर्ग ने हमें दुनिया में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश के लिए सबसे आकर्षक गंतव्य के रूप में वर्गीकृत किया है।

हम नवाचार कर रहे हैं। हम भंडारण के साथ सौर-पवन-हाइब्रिड जोड़ रहे हैं। 24 घंटे हरित ऊर्जा आपूर्ति क्षमता के लिए हमारे पास पहले से ही सफल बोलियां हैं। हम जल्द ही 1000 एमडब्लूएच की बैटरी स्टोरेज के लिए बोलियांआमंत्रितकरने जा रहे हैं। यह दुनिया की सबसे बड़ी स्थापित भंडारण क्षमता का ढाई गुना है। हम लद्दाख में 14000 मेगावॉट घंटे के भंडारण के साथ 10000 मेगावॉट अक्षय ऊर्जा पार्क स्थापित करने पर विचार कर रहे हैं। पेरिस में सीओपी 21 में, भारत ने यह भी संकल्प लिया था कि वह अपनी अर्थव्यवस्था की उत्सर्जन तीव्रता को 2005 के स्तर की तुलना में 33 प्रतिशत तक कम करेगा। हम इस लक्ष्य को हासिल करने के अपने रास्ते पर हैं। एलईडी कार्यक्रम (उजाला) के तहत, 2015 से अब तक 1.15 अरब एलईडी की बिक्री की जा चुकी है, जिससे सीओ2 उत्सर्जन में हर साल 171 मिलियन टन की कमी आई है। पीएटी (प्रदर्शन, उपलब्धि एवं व्यापार) - उद्योग के लिए ऊर्जा दक्षता कार्यक्रम के तहत, हमने 2020 तक सीओ2 उत्सर्जन में 86 मिलियन टन प्रतिवर्ष की कमी हासिल की है। उपकरणों में ऊर्जा दक्षता के हमारे कार्यक्रम- स्टार रेटिंग प्रोग्रामके तहत हमने हर साल 53 मिलियन टन सीओ2 उत्सर्जन में कमी हासिल की है। 2019 तक, हमने उत्सर्जन तीव्रता में लगभग 28 प्रतिशत की कमी हासिल कर ली थी।

> 2018 में, संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने शीर्ष पर्यावरण सम्मान से सम्मानित किया। वैश्विक स्तर पर उनके साहसिक पर्यावरण संबंधी नेतृत्व, आईएसए के लिए उनके समर्थन और भारत में एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक को खत्म करने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए उन्हें 'पृथ्वी का चैंपियन'कहा गया।
> 2021 में, अपनी स्वैच्छिक और क्रिया-उन्मुख स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन संबंधी नीतियों और सतत् विकास के लिए नागरिक केंद्रित दृष्टिकोण के लिए भारत को ऊर्जा संक्रमण के लिए संयुक्त राष्ट्र वैश्विक चैंपियन के रूप में चुना गया। हम ऊर्जा संक्रमण में सबसे आगे बने रहेंगे, हम जो करते हैं, बाकी दुनिया उस राह पर चल पड़ती है।

उपयोगिता के पैमाने पर सौर पार्कों के माध्यम से डेवलपर्स को 'प्लग-एंड-प्ले' मॉडल पेश करने की रणनीतिने अनिश्चितताओं को कम करने और परियोजना को चालू करने की समयसीमा को छोटा किया। यह जमीन, ग्रिड और अन्य बुनियादी ढांचे तक फौरन पहुंच प्रदान करती है। साल 2015 सेसरकार ने 15 राज्यों में 47 सौर पार्कों को मंजूरी दी है, जिनकी कुल क्षमता 37.7 गीगावॉट है।कर्नाटक का 2 गीगावॉट का पावागढ़ सौर पार्क दुनिया के सबसे बड़े सौर पार्कों में से एक है। मार्च 2019 में शुरू की गई पीएम-कुसुम योजना का उद्देश्य किसानों के स्वामित्व वाली बंजर/परती/दलदल भूमि पर सौर संयंत्रों के माध्यम से 931 गीगावॉट क्षमता बढ़ाना है; ऐसे में सौर पंपों ने 2 मिलियन डीजल पंप की जगह ले ली और घरेलू स्तर पर बने सोलर सेल और मॉड्यूल का इस्तेमाल करके 1.5 मिलियन ग्रिड कनेक्टेड एग्री-पंपों को सौर ऊर्जा से जोड़ दिया। पीएम-कुसुम किसानों को ऊर्जा और जल सुरक्षा प्रदान कर रहा है, कृषि क्षेत्र को डीजल के इस्तेमाल से मुक्ति दिला रहा है और अतिरिक्त सौर ऊर्जा बिक्री के माध्यम से किसानों की आय बढ़ा रहा है। इससे सालाना 932 मिलियन टन सीओ2 उत्सर्जन रुकेगा और 1.4 अरब लीटर डीजल की बचत होगी। शहरी क्षेत्र में, सौर शहर कार्यक्रम का लक्ष्य राज्य में कम से कम एक सौर शहर विकसित करना है, जहां जरूरत की सारी बिजली अक्षय ऊर्जा से प्राप्त हो सके। अब तक, 23 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों ने सौर शहरों के रूप में विकसित किए जाने वाले शहरों की पहचान की है।

घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और आरई उपकरण के लिए आयात निर्भरता घटाने के लिए, उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए 2021 मेंउत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन यानी प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम शुरू की गई। इस मॉड्यूल में सेल्स, वेफर्स, इंगट और पॉलीसिलिकॉन जैसे अपस्ट्रीम वर्टिकल शामिल हैं। हरित हाइड्रोजन के उत्पादन और निर्यात के लिए भारत को एक वैश्विक केंद्र बनाने के लक्ष्य के साथ, देश के माननीय प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त 2021 को राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन शुरू करने की घोषणा की। ऐसा अनुमान है कि भारत में सालाना लगभग 5.6 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) हाइड्रोजन का उत्पादन होता है और विभिन्न औद्योगिक उद्देश्यों के लिए इसकी खपत हो जाती है। इस हाइड्रोजन का अधिकांश हिस्सा वर्तमान में जीवाश्म ईंधन से प्राप्त होता है। साल 2030 तक हाइड्रोजन बाजार का आकार दोगुना बढ़कर 11 एमएमटी प्रति वर्ष होने की उम्मीद है।

तकनीकी-आर्थिक रुझानों के आधार पर इस बात पर व्यापक सहमति है कि हरित हाइड्रोजन के उपयोग से एक दशक या उससे भी कम समय में लागत-प्रतिस्पर्धा शुरू हो जाएगी। इसमें लंबी दूरी के भारी शुल्क वाले परिवहन और शिपिंग जैसे क्षेत्रों में अक्षय ऊर्जा की पहुंच बढ़ाने की क्षमता है। यह उर्वरक, पेट्रोकेमिकल्स, स्टील आदि जैसे क्षेत्रों में जीवाश्म ईंधन आधारित कच्चे माल की भी जगह ले सकता है। यह ऊर्जा के वाहक के रूप में विशेष रूप से दूरस्थ क्षेत्रों में उपयोगी हो सकता है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय इसके अनुसार ही राष्ट्रीय हाइड्रोजन ऊर्जा मिशन के दस्तावेज तैयार कर रहा है।

महात्मा गांधी के मूल्यों को याद करने का समय

डॉ. श्रीनाथ सहाय

> भारत के स्वतंत्रता संग्राम में गांधी जी के योगदान को नकारा नहीं जा सकता। उनकी अहिंसा की अवधारणा न केवल भारत को स्वतंत्रता दिलाने में सहायक हुई बल्कि इसके माध्यम से विश्व को शोषण और अत्याचार से निपटने के लिये एक और हथियार मिला। हालांकि आज ऐसा समय आ गया है जब अधिकतर लोग गांधी और उनके विचारों की आवश्यकता को ही नकार रहे हैं और वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता पर प्रश्न उठाया जा रहा है। जानकर मानते हैं कि गांधी के विचार ऐसे समय में सबसे अधिक प्रासंगिक हैं जब लोग लालच, व्यापक हिंसा और भागदौड़ भरी जीवन-शैली के समाधान खोजने की कोशिश कर रहे हों।

महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने गांधी जी के बारे में कहा था कि ÷भविष्य की पीढ़ियों को इस बात पर विश्वास करने में मुश्किल होगी कि हाड़-मांस से बना ऐसा कोई व्यक्ति भी कभी धरती पर आया था।÷ गांधी के विचारों ने दुनिया भर के लोगों को न सिर्फप्रेरित किया बल्कि करुणा, सहिष्णुता और शांति के दृष्टिकोण से भारत और दुनिया को बदलने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अपने समस्त जीवन में सिद्धांतों और प्रथाओं को विकसित करने पर जोर दिया और साथ ही दुनिया भर में हाशिये के समूहों और उत्पीड़ित समुदायों की आवाज उठाने में भी अतुलनीय योगदान दिया। साथ ही महात्मा गांधी ने विश्व के बड़े नैतिक और राजनीतिक नेताओं जैसे- मार्टिन लूथर किंग जूनियर, नेल्सन मंडेला और दलाई लामा आदि को प्रेरित किया तथा लैटिन अमेरिका, एशिया, मध्य पूर्व तथा यूरोप में सामाजिक एवं राजनीतिक आंदोलनों को प्रभावित किया।20वीं सदी की सबसे प्रभावशाली वैश्विक शख्सियतों की सूची में महात्मा गांधी का नाम दर्ज है।

दशकों से, गांधी जी ने भारत के सामूहिक विवेक को दिशा दी है और हमारे लिए नैतिक दिशा-सूचक का कार्य किया। गांधीजी के स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और समानता के सिद्धांत स्थान और समय के साथ सीमित नहीं हैं, उनके पास सार्वभौमिक उपयुक्तता और शाश्वत मूल्य हैं। गांधीजी ने शांति, अहिंसा, सहिष्णुता और सद्भाव का प्रचार किया और इस प्रक्रिया में उन्होंने भारत के महान स्वतंत्रता संघर्ष को चमत्कारिक रूप से प्रेरित किया और पूरी दुनिया में नागरिक अधिकार आंदोलनों को एक नया आवेग प्रदान किया। महात्मा गांधी ने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया था, आज राजनीति स्वार्थ और सत्ता की चाहत में डूबी दिखाई देती है। महात्मा गांधी ने जिस स्वस्थ समाज की कल्पना की

थी वहां हिंसा, घृणा, भ्रष्टाचार, असहिष्णुता ने जगह बना ली है। आज देश में राजनीतिक फायदे के लिए मानवता का लहू बहाया जा रहा है। दो समूहों में दंगे कराकर अपने भविष्य को सुरक्षित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। गांधी जी यह दृढ़तापूर्वक मानते थे कि स्वच्छता में ईश्वर का निवास होता है। गांधीजी समानता में विश्वास रखते थे और वे लगातार महिलाओं के सशक्तिकरण की बात करते थे। गांधीजी स्वयं एनी बेसेंट और सरोजिनी नायडू जैसी प्रतिष्ठित महिलाओं से प्रभावित थे। उन्होंने भारत के नीति निर्माताओं से विकास के एजेंडे के केंद्र में महिला-पुरुष समानता और महिला सशक्तिकरण को रखने की बात की।

गांधीजी आत्मनिर्भरता के सिद्धांत के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने हमेश 'स्वदेशी' के बारे में बात की। वे आत्मनिर्भर और समरसतापूर्ण ÷आदर्श गांवों÷ के निर्माण की इच्छा रखते थे। वे विश्वास करते थे कि भारत की आत्मा गांवों में निवास करती है। उनके लिए, खादी सिर्फएक राजनीतिक प्रतीक या राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक नहीं था बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का भी एक साधन भी था। आज हम ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में पलायन की दुःखद प्रवृत्ति को देखते हैं। हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था कमजोर है और आजीविका के लिए पर्याप्त अवसर देने में विफल रही है। यह समय है कि देशवासी महात्मा की इच्छाओं का सम्मान करे और अपने गांवों की ओर लौटे। भारत में वास्तविक विकास तब होगा जब हम ग्रामीण भारत, विशेष रूप से हमारे किसानों, हमारे बुनकरों और हमारे कारीगरों को सशक्त बनाने में सक्षम होंगे।

गांधी जी दृढ़तापूर्वक यह मानते थे कि स्वच्छता में ईश्वर का निवास होता है। उनका यह बयान कि राजनीतिक आजादी की तुलना में स्वच्छता अधिक महत्वपूर्ण है, उनके लिए स्वच्छता से उनके जुड़ाव को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। उनका कहना था कि एक शयनकक्ष की तरह एक शौचालय को भी साफ रखना चाहिए। वे हमेशा एक उदाहरण के रूप में जाने जाते है और किसी को उपदेश देने से पहले खुद स्वच्छता को अपनाते थे। पिछले कुछ वर्षों के दौरान, हमारा पूरा देश स्वच्छ भारत अभियान के साथ जुड़ा हुआ है, इतने बड़े पैमाने और ऊर्जा के साथ जन आंदोलन को देखकर महात्मा गांधी भी स्वयं भी गर्वान्वित महसूस करते।

अपने पूरे जीवन में, गांधी जी ने बेहतर और उच्च कौशल हासिल करने पर जोर दिया। वह स्वयं जो भी करते थे उसमें कौशल को प्राप्त करने का अभ्यास करते थे। आज, जब हम उद्योग की मांग और शिक्षा प्रणाली द्वारा दी गई शिक्षा के बीच के अंतर की बात करते हैं।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जुनून आपसे वो

जुनून आपसे वो करवाता है, जो आप नही कर सकते हौसला आपसे वो करवाता है,जो आप करना चाहते है अनुभव आपसे वो करवाता है,जो आपको करना चाहिए जिन्दगी की राहों में मुस्कराते रहो हमेशा, उदास दिलों को हमदर्द तो मिलते हैं, हमसफ़र नहीं।

- अरूणा राव

हृदय को मजबूत

हृदय को मजबूत और कठोर बनाना है,भावनाओ को नही।पैदल चलिए,सायकल चलाये,व्यायाम करें।फ़ोन पे दुसरो की बुराई की जगह खुद के लिए 25 मिनट पैदल चले।कुछ काम नही करना है अर्थात लोगो की न सुने खुद को खुश रखने जो अच्छा लगता वो करे।खुश रहिए स्वस्थ रहिए,अपने हृदय को साफ रखिये,दुसरो से अपेक्षा रखिये न दुःखी होईये।

-रितु दुबे

ख़ास पाती | जबसे लोगों को रूपयों से

जबसे लोगों को रूपयों से मोह होने लगे हैं, मां बाप का बच्चों से विछोह होने लगे हैं। मजहब की सियासत करते मेरे नेतागण, सिर्फकुर्सी की खातिर एक होने लगे हैं। जबसे हुई है नोट बंदी मेरे देशवासियों, रूपए बगैर पर्स भी वाचाल होने लगे हैं। भारत बंद से करोड़ों भूखे सोते हैं लोग, क्योंकि कांग्रेसी कुर्सी से दूर होने लगे हैं। नित्य नए भेष में भक्ति कर रहे है नेताजी, ईश्वर भी बहरूपियों से दुखी होने लगे हैं। जवां भी शर्मिंदा हैं पप्पू की जवानी देख, पचास वर्ष की उम्र में जवान होने लगे हैं। सभी निकम्मे बाबा बनने को बेताब हुए, जबसे ईश्वरभक्ति में प्रेमलीला होने लगे हैं।

- संजय सिंह राजपूत

इश्क़ नहीं तो मरते क्यूँ हो दिल

इश्क़ नहीं तो मरते क्यूँ हो दिल की बातें कहते क्यूँ हो चाँद नहीं लगता गर अच्छा चाँद की बातें करते क्यूँ हो नहीं है गर चेहरे पर चेहरा बदनामी से डरते क्यूँ हो आओ घर फ़ुर्सत में यारा नफ़रत दिल में भरते क्यूँ हो तितली फूलों पर हैं मरती देख के ये अब जलते क्यूँ हो सूरज को बाँधो अब घर में अंधेरे में रहते क्यूँ हो हिम्मत से ही जीतोगे तुम दौड़ में आख़िर गिरते क्यूँ हो प्यार नहीं तुझको गर 'ऐनुल' दिल में रोज़ उतरते क्यूँ हो। - 'ऐनुल' बरौलवी

आँखे तालाब नहीं फिर भी

आँखे तालाब नहीं, फिर भी, भर आती है! दुश्मनी बीज नही, फिर भी, बोयी जाती है! होठ कपड़ा नही, फिर भी, सिल जाते है! किस्मत सखी नहीं, फिर भी, रुठ जाती है बुद्वि लोहा नही, फिर भी, जंग लग जाती है! आत्मसम्मान शरीर नहीं, फिर भी, घायल हो जाता है! और इन्सान मौसम नही, फिर भी, बदल जाता है। - कमलकांत डोंगरे

ख़ामोशियों में बिखरे पड़े थे लब्ज़

ख़ामोशियों में बिखरे पड़े थे लब्ज़ सारे ना जाने कब कौन समेट गया निःशब्द जज़्बात रहे मेरे तो कोई कैसे कब उसको पढ़ गया बेआवाज सी चीख रही यारों कोई ना जाने कैसे सुन गया सुखी सुखी सी बारिश में मेरे वो अलहड़ ना जाने कैसे भींग गया अग्न सी जलते शब्दों के बिस्तर पर ना जाने कोई कैसे सुंकु की नींद सो गया सोचो कैसे साथ हुए आग और पानी एक फ़क़ीरा नाम मुहब्बत उसका कह गया।

- प्रीती श्रीवास्तव

अभी यूपीएससी का रिजल्ट आया

अभी यूपीएससी का रिजल्ट आया है और हर जगह न्यूज रेड्डी वाले का बेटा ,फेरी वाले का बेटा /बेटी सफल हुये । भईया उनमे प्रतिभा थी सफल हुये । आजादी के बाद अंग्रेजो के चमचे ,दलाल ,पिछलग्गू भी तो सांसद ,विधायक, मंत्री ,राज्यपाल आदि बने थे तब तो मीडिया ने उनके बैकग्राउंड का चर्चा नही किया।

- एड. अरूण कुमार गुप्ता

तुमने अपनी कविताओं में मुझे

तुमने अपनी कविताओं में मुझे बार बार लिखा कभी अजंता लिखा तो कभी ताजमहल लिखा अनगिनत उपमाओं से नवाजा है हर बार मुझे अधरों को मधुशाला , केशों को मोहपाश लिखा।

- मीता खुराना

चाहने से क्या होता है होता वही

चाहने से क्या होता है, होता वही है,,, जो कुछ पहले से ही तय होता है धरती के दोनों ध्रुवों की प्रकृति के मध्य ज्यों आपसी रस्साकसी चलती है त्यों यह जीवन भी आंतरिक इच्छाओं से विपरीत डगर पर इंसान को लाकर खड़ा कर देता है। -प्रियंवदा अवस्थी

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) हाल ही में आईसीसी ने किन तीन नए देशों को एसोसिएट सदस्य के रूप में शामिल किया है?
2) कौन-सी संस्था और व्यक्ति चुम्बक का उपयोग करके पानी से हाइड्रोजन के उत्पादन की नई विधि में शामिल है?
3) मसाला ब्रैण्ड एमडीएच के मालिक महाशय धर्मपाल गुलाटी का हाल ही में निधन हो गया। उन्हें किस वर्ष पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था?
4) एशिया की सबसे बड़ी प्याज की मण्डी कहाँ स्थित है?
5) यूनेस्को विश्व धरोहर समिति द्वारा किसे विरासत स्थल सूची से डी-लिस्ट किया गया है?

उत्तरमाला- (1) मंगोलिया, ताजिकिस्तान और स्विट्जरलैंड (2) [illegible] (3) 2019 (4) लासलगांव (5) लिवरपूल मैरीटाइम मर्केंटाइल सिटी

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1574- सिखों के तीसरे गुरू अमर दास का निधन हुआ। 1854- भारत में डाक टिकट का प्रचलन आरंभ हुआ। 1919-ब्रिटिश सरकार ने जानलियांवाला बाग हत्याकांड की जांच के लिए हन्टर समिति की स्थापना की। 1919 - हिन्दी फिल्मों के प्रसिद्ध गीतकार मजरूह सुल्तानपुरी का जन्म हुआ। 1928 - दक्षिण भारतीय सिनेमा के युग पुरुष माने जाने वाले शिवाजी गणेशन का तमिलनाडु के सिरकाली में जन्म। 1945 - भारत के मौजूदा एवं 14वें राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का जन्म हुआ। 1949 - चीन में कम्युनिस्ट पार्टी के शासन की शुरुआत हुई। 1949 - जनरल माओ-त्से-तुंग द्वारा चीन जनवादी गणराज्य (पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना) की घोषणा। 1952 - लोकप्रिय गायिका शारदा सिन्हा का जन्म हुआ। 1953 - आंध्र प्रदेश अलग राज्य बना। 1958 - भारत में तौल के लिए मीट्रिक प्रणाली की शुरुआत। 1960 - नाइज़ीरिया ब्रिटेन से स्वतंत्र हुआ। 1967 - भारतीय पर्यटन विकास निगम की स्थापना हुई। 1978 - भारत में लड़कियों की शादी की उम्र को 14 से बढ़ा कर 18 और लड़कों की 18 से बढ़ा कर 21 वर्ष किया गया। 1996 - अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन द्वारा पश्चिम एशिया शिखर सम्मेलन का उद्घाटन। 1998 - श्रीलंका में किलिनोच्ची एवं मानकुलम शहरों पर कब्ज़े के लिए सेना एवं लिट्टे उग्रवादियों के बीच हुए संघर्ष में 1300 लोगों की मौत। 2002 - एशियाड खेलों में स्नूकर प्रतिस्पर्द्धा में भारत को पहला स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ।

'द इंटर्न 2' में काम कर रोमांचित है रश्मि अगडेकर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मि अगडेकर वेबसीरीज 'द इंटर्न 2 ' में काम कर रोमांचित है। रश्मि अगडेकर ने अहसास खन्ना और रेवती पिल्लई के साथ 'द इंटर्न 2' में काम किया है। रश्मि अगडेकर ने कहा, 'इंटर्न 2' , 3 इंटर्न के बारे में एक शो है और वे अपने कार्यस्थल में कैसे संघर्ष करते हैं और सत्ता में रहते हैं। लेकिन सबसे ऊपर, यह महिला संघ के बारे में है और कैसे वे सभी बाधाओं के खिलाफ एक-दूसरे की मदद करते हैं। अहसास और रेवती मेरे कुछ पसंदीदा सह-अभिनेता हैं। मुझे बहुत खुशी है कि वे दोनों मेरे इतने अच्छे दोस्त बन गए हैं, हमारी दोस्ती सेट से परे है। हालांकि में प्रत्येक से पहले अलग-अलग मौकों पर इंटर्न से पहले मिली हूँ। हम सीजन 1 में बहुत अच्छी तरह से एक दूसरे के साथ मिल गए।

रश्मि अगडेकर ने कहा, ÷मैं हमेशा इस सेट पर जाने के लिए उत्सुक रहती हूं, क्योंकि वह बहुत मजेदार समय होता है।में इंतज़ार नही कर सकती अब दर्शकों को यह सीजन देखने के लिए क्योकि हमने इंटर्न सीजन 2 पूरे प्यार से बनाया है।

15 अक्टूबर को ओटीटी पर रिलीज होगी विद्युत जामवाल की 'सनक'

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के माचो हीरो विद्युत जामवाल की थ्रिलर फिल्म 'सनक' 15 अक्टूबर को ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज होगी।

विद्युत जामवाल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'सनक' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म 'सनक' की रिलीज डेट सामने आ गई है। इस बात की जानकारी विद्युत ने सोशल मीडिया पर फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर कर दी है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, ÷एक बार सनक गई ना तो....। कंप्लीट द सेंटेंस इन सनकी स्टाइल। 'सनक' 15 अक्टूबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉस्टार पर रिलीज होगी।गौरतलब है कि कनिष्क वर्मा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में विद्युत के अलावा रुक्मिणी मैत्रा, चंदन रॉय सान्याल और नेहा धूपिया भी लीड रोल में हैं। विपुल अमृतलाल शाह और जी स्टूडियोज इस फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं।

शमशेरा में डबल रोल में नजर आयेंगे रणबीर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के रॉकस्टार रणबीर कपूर अपनी आने वाली फिल्म शमशेरा में डबल रोल में नजर आयेंगे। रणबीर कपूर फिल्म 'शमशेरा' में डबल रोल में नजर आयेंगे। बताया जा रहा है कि फिल्म शमशेरा में रणबीर, बाप बेटे के रोल में नजर आएंगे। बाप का नाम शमशेरा है। उसकी लंबी जुल्फें हैं। उसके लिए रणबीर कपूर ने विग का सहारा लिया है। बेटे बल्ली के रोल में उनकी छोटी-छोटी जुल्फें रखी गई हैं। रणबीर फिल्म शमशेरा में जबरदस्त एक्शन करते नजर आयेंगे। वहीं संजय दत्त फिल्म में विलेन के रोल में नजर आएंगे। उनके किरदार का नाम शुद्ध सिंह है।



जॉन-अर्जुन की 'एक विलन रिटर्न्स' अगले साल ईद पर होगी रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम और अर्जुन कपूर की फिल्म 'एक विलन रिटर्न्स' अगले साल ईद के अवसर पर रिलीज होगी। वर्ष 2014 में एक विलेन प्रदर्शित हुयी थी, जिसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा, श्रद्धा कपूर और रितेश देशमुख ने मुख्य भूमिका निभायी थी। एक विलेन के सीक्वल 'एक विलन रिटर्न्स' में जॉन अब्राहम, अर्जुन कपूर, दिशा पाटनी और तारा सुतारिया जैसे कलाकार नजर आयेंगे।

'एक विलन रिटर्न्स' की रिलीज डेट की घोषणा फिल्म मेकर्स ने कर दी है। अब यह फिल्म ईद के मौके पर अगले साल 08 जुलाई 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

फिल्म निर्माता एकता कपूर ने कहा, ÷एक विलन बड़े ऐक्शन, ज्यादा सस्पेंस और डबल ड्रामा के साथ वापसी कर रही है। यह बालाजी की सबसे स्पेशल फ्रैंचाइज है और अब एक विलन रिटर्न्स दर्शकों को सीट से बांधकर रखेगी। मुझे फिल्म की मेकिंग का हर मोमेंट पसंद है और अब इसकी ईद रिलीज को लेकर रोमांचित हूं।

फिल्म निर्माता भूषण कुमार ने कहा, हम एक विलन रिटर्न्स बनाने के लिए एक विलन के स्केल को ऊपर बढ़ा दिया है। फिल्म ईद की रिलीज डिजर्व करती है और मैं एक्साइटेड हूं कि हम फिल्म के साथ न्याय कर रहे हैं। हमने जो ऐक्शन बचाकर रखा है, उसे आप मिस नहीं करना चाहेंगे।

न्यूज गैलरी

हम अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सके: संजू

दुबई (वार्ता)। राजस्थान रॉयल्स के संजू सैमसन ने यहां बुधवार को आईपीएल 14 के 43वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हारने के बाद कहा कि टीम को अच्छी शुरुआत मिली, सलामी बल्लेबाज अच्छा खेले, लेकिन हम इसका फायदा नहीं उठा सके।

सैमसन ने मैच के बाद कहा, लगता है कि मध्य क्रम को कुछ आत्मविश्वास की जरूरत है। यह हमारे लिए एक मुश्किल हफ्ता रहा है। हमें एक अच्छी फाइट करने की जरूरत है। विकेट दो गति वाला था, इसलिए बल्लेबाज गेंद को ठीक से टाइम नहीं कर पाए, वे मिस टाइम करते रहे। मैं हमारे गेंदबाजों के इरादे से खुश हूं।

रविंद्रा क्रिकेट अकैडमी की जीत में चमके शुभम सैनी और सिद्धांत जून

नई दिल्ली (वार्ता)। सिद्धांत जून के 99 गेंदों पर तीन छक्कों व 11 चौकों की मदद से बने शानदार 76 रन व शुभम सैनी की घातक गेंदबाजी (7-3-6-4) की बदौलत रविंद्रा क्रिकेट अकैडमी (231/9) ने शालीमार कप अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट में पीएमजी एकादश (102/10) को 129 रनों से हराकर पूरे अंक हासिल किये। रविंद्रा अकैडमी की ओर से यश वर्मा (58), वंश नगर (40), मृदुल (2/04), अमन (2/27) व शशांक नागर (2/34) का खेल सरहानीय रहा । पीएमजी की ओर से तेजस मल्होत्रा ने 31 रन देकर चार विकेट लिए । मैच के अंपायर रविंदर चौधरी ने शुभम सैनी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

25 मीटर सेंटर फायर में बागपत ने जीता सोना

लखनऊ (वार्ता)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में जारी 44वीं स्माल बोर शूटिंग प्रतियोगिता में 25 मीटर सेंटर फायर चैंपियनशिप में बागपत की टीम ने स्वर्ण पदक हासिल किया। मेरठ ने दूसरा और आगरा की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। 26 सितंबर से शुरू हुयी प्रतियोगिता के चौथे दिन बुधवार को पहला परिणाम आया जब 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल मैन इंडिविजुअल में युवराज चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता, सचिन मलिक ने रजत पदक जीता और गौरव शर्मा तीसरे स्थान पर कांस्य पदक विजेता बने।

राजस्थान पर जीत से बेंगलुरु प्लेऑफ की दहलीज पर

दुबई (वार्ता)। आल राउंडर ग्लेन मैक्सवेल के शानदार नाबाद 50 रन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु राजस्थान रॉयल्स को एकतरफा अंदाज में बुधवार को सात विकेट से पीटकर आईपीएल के प्लेऑफ की दहलीज पर पहुंच गए।

राजस्थान रॉयल्स की टीम अपने सलामी बल्लेबाजों से मिली बेहतरीन शुरुआत का फायदा नहीं उठा सकी और आईपीएल मुकाबले में 20 ओवर में नौ विकेट पर 149 रन ही बना सकी जबकि बेंगलुरु ने 17.1 ओवर में तीन विकेट पर 153 रन बनाकर 11 मैचों में अपनी सातवीं जीत हासिल की और 14 अंकों के साथ प्लेऑफ में जगह बनाने की दहलीज पर पहुंच गया।

बेंगलुरु इस समय तालिका में मजबूती से तीसरे स्थान पर विराजमान है। दूसरी तरफ राजस्थान को 11 मैचों में सातवीं हार का सामना करना पड़ा और वह आठ अंकों के साथ सातवें स्थान पर है और उसकी उम्मीदें लगभग धूमिल हो चुकी हैं। एविन लुइस ने 58 और यशस्वी जायसवाल ने 31 रन बनाकर राजस्थान को 8.2 ओवर में77 रन की जबरदस्त शुरुआत दी लेकिन इसके बाद लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और लेफ्ट आर्म स्पिनर शाहबाज अहमद के आक्रमण पर उतरने के साथ ही राजस्थान के बढ़ते कदमों पर ब्रेक लग गया। लुइस का विकेट 12वें ओवर की पहली गेंद पर टीम के 100 रन के स्कोर पर गिरा लेकिन इसके बाद के बल्लेबाज रन गति को तेज नहीं कर पाए। लुइस ने 37 गेंदों पर 58 रन में पांच चौके और तीन छक्के लगाए। जायसवाल ने 22 गेंदों पर 31 रन में तीन चौके और दो छक्के लगाए।

कप्तान संजू सैमसन 15 गेंदों में दो छक्कों के सहारे 19 रन बनाकर चौथे बल्लेबाज के रूप में टीम के 113 रन के स्कोर पर आउट हुए। इससे पहले महिपाल लोमरोर भी इसी स्कोर पर आउट हुए। लोमरोर को चहल ने आउट किया जबकि सैमसन का शिकार शाहबाज अहमद ने किया। शाहबाज ने अपने इस ओवर की आखिरी गेंद पर राहुल तेवतिया को भी पवेलियन का रास्ता दिखा दिया।

लियाम लिविंगस्टोन छह रन बनाकर चहल की गेंद पर 17 वें ओवर में आउट हुए। क्रिस मौरिस ने 11 गेंदों में दो चौकों के सहारे 14 रन बनाये। बेंगलुरु की तरफ से हर्षल पटेल ने 34 रन पर तीन विकेट लिए जबकि चहल और शाहबाज ने दो-दो विकेट हासिल किये।

मोटोरोला ने मोटो टैब जी20 के लॉन्च के साथ भारत के टैबलेट बाज़ार में किया प्रवेश

नई दिल्ली। मोटोरोला ने आज घोषणा की है कि यह नए मोटो टैब जी20 के लॉन्च के साथ भारत में टैबलेट सेगमेन्ट में प्रवेश करने जा रहा है। पिछले साल घर पर रहने के दौरान बहुत से लोग लर्निंग, स्ट्रीमिंग, रीसर्च एवं मनोरंजन के लिए अपने टैबलेट्स का इस्तेमाल करने लगे हैं।

लर्निंग और जीवनशैली के बदलते तरीकों के बीच टेक्नोलॉजी अब पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है और हमारे नए टैबलेट हमारे परिवारों एवं उपभोक्ताओं को आज की नई जीवनशैली के अनुसार अपने आप को ढालने में मदद कर रहे हैं। घर से लर्निंग को आसान, सहज एवं रोचक बनाने के लिए मोटो टैब जी 20 बेहतरीन सॉफ्टवेयर के साथ आता है और एंड्रोइड का शानदार अनुभव प्रदान करता है। उपभोक्ता ऐड्स, ब्लोटवेयर या अवांछित ऐप्स के बिना एंड्रोइड 11 की पूर्ण क्षमता का लाभ उठा सकते हैं, और वे किसी भी काम को पूरी एकाग्रता के साथ कर सकते हैं। साथ ही कोई क्लंकी सॉफ्टवेयर न होने के कारण यह टैब फास्ट और स्मूद परफोर्मेन्स देता है। इसके साथ उपभोक्ता मैसेजिंग ऐप में बेहतर कन्वर्ज़ेशन मैनेजमेन्ट कर सकते हैं, कनेक्टेड डिवाइसेज़ पर बेहतर नियन्त्रण रख पाते हैं और गूगल से अपडेट के साथ डेटा की गोपनीयता का भी बेहतर अनुभव पा सकते हैं।

गेंद के साथ जोरदार वापसी अच्छा संकेत: विराट कोहली

दुबई (वार्ता)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान विराट कोहली ने यहां बुधवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल 14 के 43वें मैच में जीत के बाद कहा कि टीम ने लगातार दो मैचों में गेंद के साथ जोरदार वापसी की है जो एक अच्छा संकेत है। विराट ने मैच के बाद कहा, ÷ टी-20 क्रिकेट में अगर आप गेंद के साथ दबाव को नियंत्रित कर सकते हैं तो इसका मतलब है कि आप सही दिशा में जा रहे हैं। हमने वापसी की और हावी रहे। 175 का स्कोर प्रतिस्पर्धी होता। विकेट दूसरी पारी में भी बल्लेबाजी करने के लिए बहुत अच्छा था। हमारे पास जिस तरह का गेंदबाजी आक्रमण है, हमें कुछ सफलताओं की जरूरत है, जिससे हमारे लिए चीजें खुल जाएंगी। हमें पता था कि

अगर हम धैर्य बनाए रखें तो विपक्षी टीम के बल्लेबाज गलतियां करेंगे और ऐसा ही हुआ, लेकिन वे मजबूरन गलतियां कर रहे थे। एविन लुईस का विकेट खेल का रुख बदलने वाला क्षण था। आरसीबी के कप्तान ने कहा, जॉर्ज गार्टन ने अपने पहले आईपीएल मैच में अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने गेंद को सही जगह पर फेंकने के लिए पर्याप्त रूप से तैयार की थी। हमें फल मिले हैं।

फ्लिपकार्ट ने सस्टेनेबल वैल्यू चेन को दी मजबूती

रायपुर। भारत की स्वदेशी ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने आगामी त्योहारी सीज़न और बिग बिलियन डेज़ को ध्यान में रखकर अपने डिलीवरी फ्लीट में 2000 से ज्यादा इलैक्ट्रिक वाहन शामिल किए हैं कंपनी द्वारा इस साल जुलाई से अपनी सप्लाई चेन से सिंगल-यूज़ प्लास्टिक को हटाने के बाद से फ्लिपकार्ट के 75 प्रतिशत से ज्यादा विक्रेताओं के शिपमेंट्स अब सस्टेनेबल पैकेजिंग के जरिए भेजे जा रहे हैं जो कि जुलाई 2020 की तुलना में 20 गुना बढ़ोतरी है और इसमें भारतभर की 70 से ज्यादा फैसिलिटीज़ शामिल हैं। फ्लिपकार्ट के स्तर पर यह बदलाव इसकी विभिन्न टीमों के प्रयासों का परिणाम है जो कि अपने सैलर पार्टनर्स के साथ इस बारे में तालमेल के साथ काम कर रही हैं और इसके चलते धीरे-धीरे सस्टेनेबल पैकेजिंग विकल्पों को अपनाने में मदद मिली है।

एयरटेल ने ग्राहकों के लिए मेड-इन-इंडिया डीटीएच सेट टॉप बॉक्स लांच किया

2021 के अंत तक घरेलू स्तर पर निर्मित एसटीबी को पूरी तरह परिवर्तन का लक्ष्य

मुंबई। भारती एयरटेल (एयरटेल) की डीटीएच शाखा, एयरटेल डिजिटल टीवी की ओर से ग्राहकों के लिए मेड-इन-इंडिया हाई डेफिनिशन सेट टॉप बॉक्स पेश किया गया है। सेट टॉप बॉक्स का निर्माण स्काईवर्थ इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा उत्तर प्रदेश के नोएडा में किया जा रहा है। एयरटेल ने 2021 के अंत तक हाई-एंड एयरटेल एक्सस्ट्रीम 4क एंड्रॉइड टीवी बॉक्स सहित मेड-इन-इंडिया सेट टॉप बॉक्स में पूरी तरह से परिवर्तन करने की योजना बनाई है। स्थानीय निर्माण को लेकर एयरटेल ने भारत सरकार के आत्मानिर्भर अभियान में भी भागीदारीदी है। भारती एयरटेल डीटीएच के सीईओ सुनील तलदार ने कहा कि यह एयरटेल डिजिटल टीवी की विकास यात्रा में एक प्रमुख मील का पत्थर है। ये भारत की तेजी से बढ़ती विनिर्माण क्षमताओं का संकेत है। COVID-19 की वजह से आपूर्ति श्रृंखला में पैदा हुई बाधाओं ने हमारी आपूर्ति श्रृंखला को आत्म निर्भर बनाने के प्रयासों को और तेज कर दिया है। हम भारत के हर कोने में डिजिटल मनोरंजन ले जाने के लिए हमारे भागीदारों द्वारा प्रदान की गई उत्पाद गुणवत्ता से बहुत खुश हैं।

भारत की अनारगया मंजूनाथ ने सर्बिया में अंडर-17 खिताब जीता

कोलकाता (वार्ता)। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी अनारगया मंजूनाथ ने बुधवार को बेलग्रेड में डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर के फाइनल में हंगरी की डोरोट्टा टॉलीगियस को हरा कर अंडर-17 गर्ल्स सिंगल्स ट्रॉफी अपने की। अनारगया ने डोराट्टस को 3-2 (11-6, 7-11, 11-4, 8-11, 11-6) से हरा कर इस सीजन में अपना पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता। उल्लेखनीय है कि 30 महीनों में विदेश में भारत को हासिल हुआ यह पहला खिताब है। अनारगया ने इससे पहले सेमीफाइनल में अपनी स्वीडन की प्रतिद्वंद्वी नोमिन बासन पर 3-0 (11-4, 11-7, 12-10) से आसान जीत दर्ज की, लेकिन खिताबी भिड़ंत कठिन साबित हुई, क्योंकि जब-जब अनारगया ने बढ़त हासिल की तब-तब हंगरी की डोरोट्टा ने वापसी की। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के महासचिव अरुण कुमार बनर्जी ने एक बयान में कहा कि बेंगलुरू की इस युवा खिलाड़ी ने निर्णायक मुकाबले में अपना कौशल और दृढ़ संकल्प दिखाया।

बिजनेस

नए उपयोगकर्ता फेस्टिव के उत्साह में शामिल होने के लिए एक महीने तक मुफ्त शिपिंग का आनंद ले सकेंगे

मिंत्रा का बिग फैशन फेस्टिवल की लांच की घोषणा

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मिंत्रा ने अपने 'बिग फैशन फेस्टिवल' की लांच की घोषणा कर दी है जो कि 3 से 10 अक्टूबर के बीच आयोजित किया जाने वाला फैशन, लाइफस्टाइल और ब्यूटी प्रोडक्ट्स के लिए फेस्टिव सीजन का सबसे पसंदीदा शॉपिंग कार्निवल है। मिंत्रा इनसाइडर्स, मिंत्रा के लॉयल्टी प्रोग्राम के मेंबरों के लिए अर्ली ऐक्सेस की डेट्स 1 और 2 अक्टूबर हैं। बिग फैशन फेस्टिवल का आगामी एडिशन 7000 ब्रांड्स में से सबसे शानदार कलेक्शन लेकर आया है जो 10 लाख स्टाइल्स की अब तक की सबसे बड़ी कलेक्शन को पेश करता है और ये सब इस

फेस्टिव सीजन को देश की सबसे बड़ी फैशन इवेंट्स में से एक बनाता है।

यह 8 दिवसीय इवेंट खरीदारों को बीबा, डब्ल्यू, लिबास अनौक जैसे प्रसिद्ध ब्रांड्स के नवीनतम डिजाइन और स्टाइल्स, विशेष रूप से एथनिक वियर को चुनने का एक शानदार अवसर प्रदान करता है जिससे खरीदार पूरा साल फेस्टिव स्पिरिट्स का मजा ले सकते हैं। मिंत्रा को उम्मीद है कि इवेंट के मौजूदा एडिशन के दौरान 55 लाख से अधिक उपयोगकर्ता खरीदारी करेंगे जिसमें 11 लाख उपयोगकर्ता इवेंट के दौरान उत्सव की अपनी जरूरतों के लिए पहली बार खरीदार करेंगे। इस बार, पहले से कहीं ज्यादा ब्रांड जैसे कि मैंगो, एचएंडएम, प्यूमा, मार्क्स एंड स्पेंसर सहित फेमस डोमेस्टिक और इंटरनेशनल ब्रांड्स की पेशकश की जा रही है, साथ ही रीजनल फेस्टिव पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है ताकि खरीदार उत्सव की अपनी खुशी को और बढ़ा सकें।

एथनिक वियर के अलावा खरीदारों के पास इस बार विभिन्न ब्रांड्स और कई अन्य श्रेणियों जैसे कि किडस वियर, लेडीज वियर, घर की सजावट, घड़ियाँ और वियरेबलस, ज्वेलरी, पुरुषों के कपड़े, ब्यूटी और पर्सनल केयर, फुटवियर और गिफ्टिंग की शानदार वैल्यू पर ढेर सारे विकल्प मौजूद हैं जो उपभोगकर्ताओं को उनकी फेस्टिव खरीदारी की जरूरतों के लिए शानदार वैल्यू प्रदान करेंगे। फैशन, ब्यूटी और लाइफस्टाइल मेजर 10 लाख स्टाइल्स की अपनी सबसे बड़ी श्रेणी को पेश कर रहा है जिसने इस इवेंट के पिछले एडिशन की तुलना में ब्रांड पार्टनर्स की कुल संख्या 40: तक बढ़ा दी है।

कार्यालय नगरपालिका परिषद् सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.)
Phone : 07775-266355/Fax : 07775-266956/Email ID :- nagarpalikasurajpur@gmail.com
क्रमांक/1997/न.पा.प./2021-22 सूरजपुर, दिनांक 30.09.2021

मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

अधिकृत निर्माता/फर्म/विक्रेता से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	कार्य का नाम	अनु.लागत (लाखों में)	निविदा प्रपत्र हेतु
1	निकाय क्षेत्रान्तर्गत नवीन सीसीटीवी कैमरा इस्टालेशन कार्य। (10 नग)	5.00	आवेदन की अंतिम तिथि 12.10.2021 निविदा प्रपत्र कार्यालय में प्राप्त होने की तिथि 21.10.2021 सायं 5.00 बजे तक

टीप :- उपरोक्त कार्यों की निविदा शर्तें/विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त एवं वेबसाईट http://www.uad.cg.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् सूरजपुर
जिला - सूरजपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, जोन क्र. 10 रायपुर (छ.ग.)

क्र. 54/ न.पा.नि./जोन-10/2021-22 रायपुर, दिनांक 27/09/2021

निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम, रायपुर जोन क्रमांक 10 में निम्न कार्य कराये जाने हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की गई है:-

Sr.No.	System Tender No.	Name of work/Description of work	Probable amount of contract
01	84117	गुरु घासीदास वार्ड क्र. 49 अंतर्गत शताब्दी नगर में चेकर टाईल्स/पेवर ब्लॉक एवं अन्य निर्माण कार्य।	24.10 लाख

इस हेतु विस्तृत जानकारी छत्तीसगढ़ शासन के ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

कार्यपालन अभियंता
जोन क्रमांक-10
नगर पालिक निगम, रायपुर

छत्तीसगढ़ में अवैध शराब, जुआ, सट्टा का गढ़ व अपराधी, गुंडा, माफिया राज चल रहा है : विजय बघेल

■ **सुरुजपुरा के विभिन्न विकास कार्यो के लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए विजय बघेल**

बेरला/बेमेतरा (नवप्रदेश) बेमेतरा विधानसभा के अंतर्गत बेरला मण्डल के अध्यक्ष बलराम पटेल के गृहग्राम पंचायत सूरजपुरा में विभिन्न विकास कार्यो के लोकार्पण एवं भूमिपूजन के लिए 29 सितम्बर को दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल कार्यक्रम के मुख्यातिथि व अध्यक्षता पूर्व विधायक भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अवधेश सिंह चंदेल सम्मिलित हुए। जहां पर 3 लाख रुपये की सामुदायिक भवन एवं 1 लाख रुपये का मंच का लोकार्पण के साथ गाँव में जलजीवन आधारित सोलरपम्प के लिए करीब 24.14 लाख रुपये, सार्वजनिक शौचालय के लिए 4.40 लाख रुपये, पचरी निर्माण के लिए 2.64 लाख रुपये व नाली निर्माण के लिए 1.75 लाख की कार्यो का भूमिपूजन किया। इस

अवसर पर गाँव की 98 हितग्राहियों को केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर प्रदान किया। साथ ही आज माटी की महिमा कुलेश्वर ताम्रकार द्वारा प्रस्तुति सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया था।

इस दौरान कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत बेमेतरा की अध्यक्षा सुनीता हीरालाल साहू, सांसद प्रतिनिधि जिला पंचायत बेमेतरा पुष्पा देवी साहू, जनपद सदस्य केसर राजेश सोरी, संजीव तिवारी शामिल रहे।

सांसद विजय बघेल ने कहा छतीसगढ़ में जब से कांग्रेस सरकार आया है तब से आये दिन सारे आम गोली चल रही है, चोरी, लूटपाट, बलात्कार जैसे घटनायें आम हो गई हैं। अवैध शराब, जुआ, सट्टा, अवैध खनन, नकली बीज, पशुओं की नकली दवाई का गढ़ बनते जा रहा है दूसरी ओर अपराधी, गुंडा, माफिया का राज चल रहा हैं। उन्होंने आगे कहा कि ये सरकार के पाप के घड़ा पूरा हो गया जाने के समय आ गया है जनता सब समझ चुकी है बस अब तो आने वाले चुनाव का ही इंतजार कर रहे है। पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने कहा छत्तीसगढ़ में हर वर्ग आज ठगा महसूस कर रहा हैं। किसान, मजदूर व गरीब के सरकार बताने वाले ये झूटा सरकार उल्टा इन सभी को परेशान कर रही है। केंद्र की मोदी सरकार ने जहाँ फसल बीमा योजना के तहत किसान को राहत देता हैं, वही किसान सम्मान निधि के रूप में सहायता करता है, जहाँ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब को घर देता हैं। वही कोरोना काल जैसे समय से मुफ्त राशन प्रदान करता है, माताएं बहने को उज्ज्वाला गैस योजना प्रदान करता है तो कोरोना काल मे माताओं को राशि के माध्यम से मदद करता हैं।

बेमेतरा में रात्रि विश्राम करेंगे मुख्यमंत्री

बेमेतरा। गांधी जयंती 2 अक्टूबर को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेमेतरा प्रवास के तैयारियों के संबंध में विधायक आशीष छाबड़ा एवं कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मीडिया के साथियों से रू-ब-रू हुए। विधायक ने कहा कि शनिवार को बेसिक स्कूल मैदान में दोपहर 1 बजे किसान सम्मेलन शामिल होकर विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे और आम सभा को सम्बोधित भी करेंगे। मुख्यमंत्री बिजली से गोबर तैयार करने की यूनिट का भी शुभारम्भ करेंगे। इसके लिए बेमेतरा जिले के साजा ब्लॉक के ग्राम राखी का चयन किया गया है। आमसभा स्थल से मुख्यमंत्री इसका वर्चुअल शुभारम्भ करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री गांधी चौक बेमेतरा में महात्मा गॉधी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके अलावा वे स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल बेमेतरा के बच्चों से मिलने का भी कार्यक्रम हैं। सीएम रात्रि विश्राम बेमेतरा में करेंगे।

गांधी जयंती के दिन बेमेतरा में किसान सम्मेलन मे शामिल होंगे मुख्यमंत्री

बेमेतरा । राष्ट्रपिता महात्मागांधी की जयंती शनिवार 2 अक्टूबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बेमेतरा के ऐतिहासिक बेसिक स्कूल मैदान मे दोपहर 1 बजे किसान सम्मेलन मे शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोक निर्माण, गृह एवं जेल मंत्री ताम्रध्वज साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप मे पंचायत एवं ग्रामीण विकास स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टीएस सिंहदेव, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, लोकसभा सांसद दुर्ग विजय बघेल, संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे, विधायक बेमेतरा आशीष छाबड़ा शामिल होंगे।

महिला कांग्रेस की जिला प्रभारी का हुआ स्वागत

भाटापारा। कांग्रेस भवन में महिला कांग्रेस बलौदा बाजार जिला प्रभारी सुधा सरोज का आगमन पर शहर कांग्रेस कमेटी के महिलाओं द्वारा प्रभारी का स्वागत किया गया। सुधा सरोज ने कहा की महिला कांग्रेस सदस्यों को हर एक कार्यक्रम में उपस्थित होना चाहिए और उनकी उपस्थिति को अनिवार्य करने तथा संगठन की मजबूती के लिए उन्होंने ब्लॉक व जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस को निर्देशित किया की महिलाओं को हर कार्यक्रम की जानकारी उनके मोबाइल में दें ताकि अधिक से अधिक महिलाओं की उपस्थिति हो सकें और पार्टी को मजबूती देने उनका योगदान बना रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुनील महेश्वरी ने कहा कि महिलाओं ने जो अपनी समस्या रखी है उसका 10 दिनों के भीतर निराकरण कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेसी कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी से कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए बिना किसी स्वार्थ के दिन रात एक कर प्रचार प्रसार में कोई कमी नहीं करते इनकी हितों का ध्यान रखना हम सब का कर्तव्य है और कहा कि महिलाओं की जो भी समस्या है उन्हें प्रदेश के नेताओं से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरी भृगु, ब्लॉक अध्यक्ष प्रमिला साहू, जिला उपाध्यक्ष कुमारी बाई साहू, जिला सचिव प्रेमलता बंजारे, हिरमत साहू, पूर्णिमा श्रीवास, लक्ष्मी पांडे, कुमारी जांगड़े, सावित्री ध्रुव, मुकेश साहू, सत्यजीत संडे, मुनींद्र, विमल मानिकपुरी आदि उपस्थित थे

बेसलाइन मूल्यांकन का बीईओ ने किया निरीक्षण

भाटापारा। संकुल केंद्र बिजराडीह में बेसलाइन आंकलन का मूल्यांकन कार्य शिक्षकों द्वारा किया जा रहा है। इस मूल्यांकन कार्य को देखने बीईओ कृष्ण कुमार यदु, एबीईओ मुकेश अग्रवाल तथा राजेश शर्मा संकुल शैक्षणिक समन्वयक, संकुल केंद्र बिजराडीह ने शासन के आदेशानुसार शिक्षा सत्र 2021-22 बेसलाइन आंकलन परीक्षा मूल्यांकन केंद्र उत्तर पुस्तिका जांच कार्य का निरीक्षण किया गया।

2 करोड़ 15 लाख 71 हजार के सड़क निर्माण कार्य की मिली स्वीकृति

भाटापारा। विधायक शिवरतन शर्मा की अनुशंसा पर क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना से शासकीय भवनों में पहुंच मार्ग निर्माण की स्वीकृति मिली है। शासकीय भवनों में पहुंच मार्ग निर्माण के लिए 2 करोड़ 15 लाख 71 हजार रुपए हुआ है। जिसमें भाटापारा विकसखण्ड में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन धुर्राबांधा पहुंच मार्ग 20 लाख, उप स्वस्थ केंद्र टिकुलिया 17 लाख, उप स्वास्थ्य केंद्र भवन तरेंगा 17 लाख, हाई स्कूल भवन बिटकुली पहुंच मार्ग 18.60 लाख, हाई स्कूल भवन खपरी (एस) पहुच मार्ग 14 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल भवन खैरा पहुंच मार्ग 19.91 लाख, हाई स्कूल भवन कोदवा पहुंच मार्ग 14 लाख, आंगन बाड़ी भवन सिंगारपुर पहुंच मार्ग 19.80 लाख, मिनी स्टेडियम पहुंच मार्ग सिंगारपुर 17 लाख, मिडिल स्कूल भवन दतरेंगी पहुंच मार्ग 14.60 लाख, मिडिल स्कूल भवन सेमहराडीह 10.20 लाख, आयुर्वेदिक औषद्यालय भवन पहुंच मार्ग मोपका 16.80 लाख, पंचायत भवन कोदवा पहुंच मार्ग 16.80 लाख का कार्य स्वीकृत हुआ है। इन सभी गांवों में मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना से भवनों में पक्का सड़क पहुंच मार्ग निर्माण स्वीकृति मिला है जिससे आने जाने वाले मरीज और पढ़ने वाले बालक बालिका एवं शिक्षकों और पालकों को कीचड़ से मुक्ति मिलेगी। विधायक ने सभी ग्रामों के मूलभूत सुविधाओं को देखते हुए करोड़ों रुपए की स्वीकृति दिलाया है जिससे बरसात की कीचड़ से राह में चलने वाले को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था वह अब मुक्ति मिल जाएगी।

जानलेवा गड्ढ़ों पर खानापूर्ति की मरम्मत, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

नवप्रदेश संवाददाता

देवभोग । मुख्यालय माझी पारा गिरसूल मार्ग पर अनगिनत जानलेवा गड्ढा है। जहां अधिकांश दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। बावजूद इसके पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा खानापूर्ति मरम्मत को अंजाम दिया जा रहा है। जिसे लेकर आवागमन करने वाले राहगीरों के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों में भी काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। क्योंकि विभाग के कर्मचारी गड्ढा को दोबारा गड्ढा कर बिना ठीक तरह साफ कराए सीधा बड़े-बड़े गिट्टी डालकर पाट दिया जा रहा है।

ऐसे में गिट्टी गड्ढे पर जमने की जगह चंद घंटे मे ही सड़क किनारे बिखर रहे हैं। जिसे देख आसानी से कहा जा रहा है कि यह मरम्मत ज्यादा दिनों तक टिकना मुश्किल है। जबकि घुटने भर जगह जगह गड्ढा है। मतलब आने वाले दिनों में फिर से राहगीरों को गड्ढे भरे रास्ता तय करना पड़ेगा। उल्लेखनीय हो की माझी पारा शिशु मंदिर से लेकर गिरसुल मार्ग तक पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा मरम्मत कराया जा रहा है। जिसमें मजदूरों की जगह अपने ही 4 से 6 कर्मचारियों से मजदूरी काम लेने के साथ मटेरियल पर भी कांटा मारी हो रहा है। क्योंकि ना गड्ढा की सफाई हो रही है। और ना गड्ढा पर मसाला डामर का इस्तेमाल हो रहा है। सिर्फ और सिर्फ सूखा गिट्टी डालकर लीपापोती मरम्मत देखने को मिल रहा है। सबसे खास बात तो यह है कि मरम्मत की स्वीकृति प्रावधान बताने के लिए कोई भी जिम्मेदार सामने नहीं है। शायद यही वजह है कि जैसे तैसे मरम्मत कर हजारों लाखों रुपए बंदरबांट के फिराक में दिखाई पड़ रहे हैं।

डिप्टी कलेक्टर आरके ध्रुव एवं एसडीएम रात्रे को दी गई विदाई

भाटापारा। जिला मुख्यालय में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर आरके ध्रुव एवं सिमगा एसडीएम डीआर रात्रे को संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में विदाई दी गई। डिप्टी कलेक्टर ध्रुव अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर आज सेवानिवृत्त हुए। वहीं एसडीएम रात्रे का तबादला संयुक्त कलेक्टर के पद पर जिला रायगढ़ हुआ है। कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने दोनों अधिकारियों को जिला प्रशासन की ओर से शाल,श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया और उनके स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। सेवानिवृत्त डिप्टी कलेक्टर ध्रुव एवं स्थानांतरित एसडीएम रात्रे ने भी अपनी सेवाकाल के कुछ यादगार संस्मरण सुनाए। इस अवसर पर जिला पंचायत की सीईओ डॉ. फरिहा आलम सिद्धिकी, अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता, एसडीएम प्रतिष्ठा ममगाई सहित जिले के तमाम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

डीएमएफ मद से जिले के ...

हजार 700 रूपए इंस्टीट्यूट की फीस आदि और एक लाख 96 हजार 200 रूपए आवास तथा मैस आदि पर व्यय होगा। इसी प्रकार डेढ़ साल के फूड प्रोडक्शन डिप्लोमा कोर्स के लिए प्रति छात्र एक लाख 50 हजार 350 रूपए इंस्टीट्यूट में जमा किया जाएगा। इसमें 52 हजार 250 रूपए शिक्षण शुल्क आदि और 98 हजार 100 रूपए आवास, हॉस्टल मेस आदि पर व्यय होगा। फूड और वेबरेज सर्विसेज के डेढ़ साल के डिप्लोमा कोर्स में दाखिला लेने वाले विद्यार्थी पर एक लाख 37 हजार 850 रूपए व्यय किया जाएगा। इस राशि में 39 हजार 750 रूपए शिक्षण शुल्क और 98 हजार 100 रूपए आवास, खान-पान आदि का व्यय शामिल है।

कलेक्टर ने बताया कि होटल मैनेजमेंट के डिग्री और डिप्लोमा कोर्सों में शासकीय मदद से प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी से लाईवलीहुड कॉलेज कोरबा आईटीआई रामपुर परिसर में आवेदन मंगाए गए थे। इनमें से जिला स्तरीय समिति द्वारा मेरिट के आधार पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन श्रेणीवार किया गया है। चयनित विद्यार्थियों में सात छात्राएं एवं तीन छात्र हैं। अनुसूचित जाति वर्ग से एक, अनुसूचित जनजाति वर्ग से दो, अन्य पिछड़ा वर्ग से छह एवं अनारक्षित वर्ग से एक विद्यार्थी का चयन किया गया है। विद्यार्थियों को त्रिवर्षीय बीएससी हॉस्पिटेलिटी एण्ड होटल एडमिनिस्ट्रेशन और 18-18 महीनों के डिप्लोमा इन फूड प्रोडक्शन तथा डिप्लोमा इन फूड एवं वेबरेज सर्विसेस डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिलाया जा रहा है।

सेवा, समर्पण और...

सरकार असफल है और कांग्रेस के विधायक छत्तीसगढ़ से ज्यादा में दिल्ली में व्यस्त है। कांग्रेस का उद्देश्य सत्ता का आनंद ही रह गया है।

नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि हमारी संगठन की मजबूती ही हमारी पहचान है। हम विजय छत्तीसगढ़ के संकल्प को हर दिन दोहराना होगा। हमारे पार सात सौ दिन का लक्ष्य और योजनाएं होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की सफल योजनाएं व राज्य की कांग्रेस सरकार की विफलताओं को जनता की बीच ले जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि केवल सत्ताजीवी कांग्रेस में कुर्सी को दौड़ जारी है। जिसके कारण सशंय की स्थिति बनीं हुई है।

बाबा रामदेव ने दी करोड़पति ...

शेयरों में व्यापार करने के लिए, एक डीमैट खाते की आवश्यकता होती है। इसलिए, आज ही एक डीमैट खाता खोलें।' योग गुरु रामदेव की यहां तक की बातों को सेबी निवेश की सलाह के तौर पर देख रहा है।

यूपी में दागी पुलिसवालों ...

मनीष गुप्ता की पत्नी मीनाक्षी ने यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान सीएम योगी ने पीड़ित परिवार को आरोपी पुलिस वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। सीएम से मुलाकात के बाद मीनाक्षी गुप्ता ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री जी से मिलकर पूरी तरह संतुष्ट हूं। सीएम हमसे परिवार के अभिभावक की तरह मिले। उन्होंने हमारी पूरी मांगें मान ली हैं। मुआवजा, नौकरी और कानपुर केस ट्रांसफर करने पर सहमति जताई है। इसके अलावा सीबीआई जांच को लेकर बोला है कि उनको कोई आपत्ति नहीं, संतुति करेंगे।

6 अक्टूबर से हो सकती ...

17 जिले कम बारिश हुई। अगस्त के महीने में प्रदेश में कुल वर्षा 797.5 मिलीमीटर (सामान्य 933.2 मिमी) और इस माह यानि सिंतबर में सामान्य वर्षा 364 मिमी के विरूद्ध 221.5 मिमी दर्ज किया गया। जो इस माह के सामान्य वर्षा का 60.8 प्रतिशत रहा। इस माह तक प्रदेश में औसत सामान्य वर्षा से 15 प्रतिशत कम रहा।

अगस्त तक प्रदेश के 1 जिले हैं अधिक, 14 जिले सामान्य तथा 12 जिले कम वर्षा (Bye Bye Monsoon) की स्थिति में रहे। अगस्त के महीने में कुल वर्षा 364.2 के विरुद्ध 221.5 मिलीमीटर दर्ज किया गया। सितंबर के महीने में कुल वर्षा 310 मिलीमीटर सामान्य में 208.9 मिलीमीटर के विरुद्ध दर्ज किया गया। जो सामान्य से 48.5 प्रतिशत से अधिक रहा। इस अवधि में 25 जिले सामान्य तथा 2 जिले कम वर्षा की स्थिति बने रहे। सितम्बर के अंत तक केवल चार जिले अपर्याप्त वर्षा की स्थिति रहे।

इस तरह औसत वर्षा प्रदेश में दिनों की संख्या 56.04 रहा। जुलाई से 30 सितंबर तक प्रदेश में अलग-अलग महीनों में वर्षा की वास्तविक संख्या जून में 244.4 मिमी, जुलाई में 331.6 मिमी, अगस्त में 221.5 मिमी तथा सितंबर में 310.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज किया गया। इस अवधि में सामान्य औसत वर्षा जून में 193.5 मिमी, जुलाई में 375.5 मिमी, अगस्त में 364.2 मिमी, सितंबर में 208.9 मिलीमीटर वर्षा है ।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्र. 8
मोहबा बाजार, रायपुर

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना//

नामांतरण प्र.क्र. 236/2021-22
वार्ड का नाम-संत रविदास वार्ड 70

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि संत रविदास वार्ड 70 स्थित भवन/भूमि फ्लैट क्र. 202, सूर्योदय कालोनी जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती साधना गौरहा पति राकेश गौरहा के नाम से दर्ज है, जिसको श्री संदीप साठे आ. स्व. मोरेश्वर साठे ने रजिस्ट्री/लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्र. 8
मोहबा बाजार, रायपुर

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना//

नामांतरण प्र.क्र. 235/2021-22
वार्ड का नाम- शहीद भगत सिंह वार्ड 21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शहीद भगत सिंह वार्ड 21 स्थित भवन/भूमि 21/नया जो कि निगम अभिलेख में श्री लखन साहू, बहादुर साहू पिता फगुवाराम साहू के नाम से दर्ज है, जिसको श्री बहादुर साहू पिता फगुवाराम साहू ने रजिस्ट्री/लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, (जोन-4) रायपुर छ.ग.
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी, मोतीबाग चौक
E-MAIL ID :- rmczone4@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 242/2021-22
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड 57

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड 57 स्थित भवन/ भूमि 57/सी-280, शैलेन्द्र नगर जो कि निगम अभिलेख में श्री अनिल कुमार गेही पिता अंबुमल गेही के नाम से दर्ज है, जिसको श्री संतोष कुमार चिंडालिया पिता विजय चिंडालिया, सरिता देवी चिंडालिया पति संतोष कुमार चिंडालिया ने मृत्यु प्रमाण पत्र/सहमति पत्र/ शपथ पत्र/दान पत्र/हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक- 04
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, (जोन-4) रायपुर छ.ग.
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी, मोतीबाग चौक
E-MAIL ID :- rmczone4@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 243/2021-22
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड 57

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड 57 स्थित भवन/ भूमि 57/34/221, कटोरा तालाब जो कि निगम अभिलेख में श्री दुर्गादास पिता जियल दास के नाम से दर्ज है, जिसको श्री सुनील कुमार पंजवानी पिता स्व. दुर्गादास पंजवानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र/सहमति पत्र/ शपथ पत्र/दान पत्र/हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक- 04
नगर पालिक निगम, रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर
//बिजली बंद की सूचना//

Credible Chhattisgarh

संवाद- 30046/2

एक्सिस बैंक लिमिटेड
असेट सेल्स सेन्टर, द्वितीय तल, चावला चेम्बर्स, नया बस स्टेण्ड के सामने, जीवन बीमा मार्ग पंडरी, रायपुर- 492004
AXIS BANK

कब्जा नोटिस
(अचल संपत्ति)
परिशिष्ट IV [नियम 8 (1)]

चूंकि :
अधोहस्ताक्षककर्ता ने **एक्सिस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी** होने के नाते वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत व धारा 13(12), जिसमें प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) के नियम 3 का भाव निहित है के तहत प्रदत्त अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए 20.04.2021 को कर्जदार अर्थात **(1) श्री नरेश भाटिया (2) श्रीमती पिंकी भाटिया** को डिमांड नोटिस जारी कर उन्हें नोटिस में उल्लेखित 61,96,334 रुपए (इकसठ लाख छियानबे हजार तीन सौ चौंतीस रुपए) की राशि का नोटिस प्राप्त होन के 60 दिन के भीतर भुगतान करने के लिए कहा था, जो कि लोन अकाउंट नंबर LPR013900498466 के अंतर्गत 21.04.2021 की स्थिति में एग्रीमेंट रद्द हो जाने के कारण देय थी।
लेकिन कर्जदारों और गारंटरों के द्वारा राशि का भुगतान करने में विफल होने के कारण अब कर्जदारों/गारंटरों व जनता को आम तौर पर नोटिस दिया जा रहा है कि नीचे उल्लेखित संपत्ति को अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4), जिसमें प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 का भाव निहित है, से उसे प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए नीचे उल्लेखित संपत्ति का भौतिक अधिकार **सितम्बर 2021 की 29 तारीख** को अपने पास ले लिया है।
कर्जदारों को खास व जनता को आमतौर पर आगाह किया जाता है कि निम्न संपत्ति संबंधी कोई डील न करें और प्रार्प्टी से जुड़ी कोई भी डील एक्सिस बैंक लिमिटेड द्वारा एग्रीमेंट खत्म होने के कारण लोन अकाउंट नंबर LPR013900498466 के अंतर्गत 21.04.2021 की स्थिति में वसूल की जाने वाली 61,96,334 रुपए (इकसठ लाख छियानबे हजार तीन सौ चौंतीस रुपए) की राशि व इस पर आगे लगे ब्याज से जुड़ा विषय होगा।
संरक्षित संपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय को लेकर कर्जदारों का ध्यान सरफेसी एक्ट, 2002 की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

संरक्षित चल संपत्ति
प्लाट नं. बी-25/7 के सभी भाग व खंड, सेक्टर 7, न्यू राजेन्द्र नगर, कटोरा तालाब के आरडीए योजना के अंतर्गत खसरा नं. 374/1, 384/3, 374/4 का भाग, प.ह.नं. 114, वार्ड नं. 48, डॉ राजेन्द्र प्रसाद वार्ड, रायपुर, छत्तीसगढ़ (क्षेत्र-4000 वर्गफीट)। **सीमाएं :** उत्तर से- रोड, दक्षिण से-प्लाट नं. 2, पूर्व से- प्लाट नंबर बी-26/7, पश्चिम से- प्लाट नं. बी-24/7

दिनांक : 29.09.2021
स्थान: रायपुर

सही/- प्राधिकृत अधिकारी
एक्सिस बैंक लिमिटेड

DHFL Changing Rules Changing Lives
दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
राष्ट्रीय कार्यालयः डीएचएफएल, एचडीआईएल टावर्स, बी-विंग, 6वीं व 8वीं तल अनंत कानेकर मार्ग, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400051

कब्जा नोटिस
(अचल संपत्ति के लिए)

क्षेत्रीय कार्यालय : 41 शेक्सपियर सरानी, प्रथम तल, डकबैक हाउस, कोलकाता, 700017

परिशिष्ट- 4, [नियम 8 (1)] कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)

चूंकि, अधोहस्ताक्षकर्ता द्वारा **दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल)** के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत व धारा 13 (12), जिसमें प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 का भाव निहित है के तहत प्रदत्त अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लेखित कर्जदारों व गारंटरों को राशि के भुगतान के लिए डिमांड नोटिस जारी किया गया था। कर्जदारों व गारंटरों को नोटिस में उल्लेखित राशि को इसे प्राप्त होने के 60 दिन के भीतर अदा करने के लिए कहा गया था, लेकिन कर्जदारों द्वारा राशि का भुगतान करने में विफल होने के कारण अब कर्जदारों/गारंटरों व जनता को आम तौर पर नोटिस दिया जा रहा है कि नीचे उल्लेखित संपत्ति को अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4), जिसमें प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 8 का भाव निहित है, से उसे प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अपने कब्जे में ले लिया है। संरक्षित संपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय को लेकर कर्जदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है। कर्जदारों को खास व जनता को आमतौर पर आगाह किया जाता है कि निम्न संपत्ति संबंधी कोई डील न करें। प्रापर्टी से जुड़ी कोई भी डील डीएचएफएल द्वारा नीचे उल्लेखित राशि व उस पर लगने वाले ब्याज के लिए की जाने वाली वसूली से जुड़ा विषय होगा।

स. क्र.	कर्जदारों व सह-कर्जदारों के नाम	संरक्षित संपत्ति का ब्यौरा	डिमांड नोटिस की तिथि एवं राशि	कब्जे की तिथि
1.	लोन एप्प नं. 01678930 लोन कोड नं. 00003374 शाखा- रायपुर शाखा शीला शर्मा, दिनेशकुमार शर्मा, अनुज शर्मा, स्वाति शर्मा	संपत्ति के सभी भाग व खंड खसरा नंबर 598/6, 598/14 एवं 598/31 का भाग, फ्लेट नं. बी-604 ब्लॉक-बी, छठा तल, रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड नं. 51 टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.) पिन- 492 001	30.04.2021 और रु. 49,90,316.00	25.09.2021
2.	लोन एप्प नं. 01883948 लोन कोड नं. 00003671 शाखा- रायपुर शाखा विनीता हिन्दुजा एवं जितेन्द्र हिन्दुजा	संपत्ति के सभी भाग व खंड म.नं. एलआईजी फ्लेट नं. 261, ब्लॉक नं. 22, द्वितीय तल, दीनदयाल आवासीय योजना, कबीर नगर, प.ह.नं. 107, वार्ड 02 रायपुर (छ.ग.) पिन- 492009	12.05.2021 और रु. 10,36,450.00	25.09.2021
3.	लोन एप्प नं. 01199642 लोन कोड नं. 00002499 शाखा- रायपुर शाखा हरीभाऊ मटलाने एवं सुरेन्द्र मटलाने	संपत्ति के सभी भाग व खंड खसरा नं. 1561/85, प.ह.नं. 14/19, ग्राम- कैलाश नगर, एकता चौक, भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) पिन - 491001	12.05.2021 और रु. 21,40,954.00	28.09.2021
4.	लोन एप्प नं. 01414127 लोन कोड नं. 00002844 शाखा- रायपुर शाखा राजकिशोर सिन्हा एवं सुष्मिता सिन्हा	संपत्ति के सभी भाग व खंड प्लाट नं. 68, प.ह.नं. 19/29, खसरा नं. 958/6, मौजा- मोपका, तह. तखतपुर, बिलासपुर (छ.ग.) पिन - 495001	12.05.2021 और रु. 23,34,291.00	27.09.2021

दिनांक: 01.10.2021
स्थान : रायपुर

सही/- प्राधिकृत अधिकारी
दीवान हाउसिंग फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

आजादी का ''अमृत महोत्सव'' सार्वजनिक सुलभ शौचालय का निरीक्षण

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा 29 सितंबर से 02 अक्टूबर तक आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है जिसके तारतम्य में गुरुवार को सार्वजनिक सुलभ शौचालय के केयरटेकर के साथ जागरूकता के साथ सफाई के संबंध में क्यू आर कोड स्कैन कर फीडबैक लिया जा रहा है। सार्वजनिक सुलभ शौचालय केयर टेकर के साथ आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत जागरूकता के साथ ''फीडबैक महोत्सव का कैंपेन''चलाया गया। सुलभ शौचालय निरीक्षण के दौरान लोगों को सुलभ शौचालय की सफाई के संबंध में फीडबैक लिया गया और आम लोगों को मुनादी के माध्यम से सुलभ के सफाई के संबंध में जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्टोरेट स्थित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एचआर सोम एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

अपराध पर अंकुश लगाने शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल किया गया तैनात

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक डी. श्रवण के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रज्ञा मेश्राम की अगुवाई में नगर पुलिस अधीक्षक गौरव राम प्रवेश राय, उप पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मानपुर लोकेश देवांगन, थाना प्रभारी कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, प्रभारी ओपी चिखली द्वारा भगत सिंह चौक में पुलिस बल को फालिंग किया गया, जहां अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रज्ञा मेश्राम द्वारा ड्यूटी पर तैनात बल को ब्रिफ किया गया। शहर में बढ़ते अपराधों पर लगाम लगाने व आसामाजिक तत्वों, शराब व नशीले पदार्थो की खरीदी-बिक्री, गुंडा-बदमाश, चाकूबाजों पर अंकुश लगाने हेतु शहर के गली महोहल्ले में लगभग 200 पुलिस जवानों को शहर के चप्पे चप्पे पर गश्त करने और संदिग्धों की चेकिंग करने हेतु ड्यूटी लगाई गई।

जिला कांग्रेस की टीम पहुंची हाथी प्रभावित गांव

ग्रामीण बोले 10 दिन में भी नहीं हुआ क्षति का आंकलन, चार गांव के ग्रामीण कर रहे हैं पटवारी का इंतजार

बालोद/नवप्रदेश। विगत बुधवार को डौंडी लोहारा विकासखंड के हाथी प्रभावित गांवो का दौरा करने जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य चंद्रप्रभा सुधाकर के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी की टीम पहुंची। जिला अध्यक्ष व टीम ने हितापठार, मुड़पार, पीडियाल, तुएगोदी, व कमकापार, में हाथियो से प्रभावित ग्रामीणों से चर्चा की।

हितापठार छोटे पारा के ओमप्रकाश की बाड़ी में रहने वाले कामताप्रसाद देशमुख ने बताया कि उनके फार्म के 20 एकड़ में लगी केला, धान फसल को हाथियों के दल ने नुकसान पहुंचाया है। घर में आकर हाथियों ने दीवार तथा दरवाजा को तोड़ दिए। परिवार के 4 लोगों ने घर के ऊपर मयार में बैठ कर जान बचाई। ग्राम के ही भेगलाल घावड़े की मक्का फसल तथा गेंदलाल, लक्ष्मण, ललित की धान फसल को हाथियों ने रोंद डाला है। पिडियाल की पूर्व जनपद अध्यक्ष लक्ष्मण भंडारी ने बताया कि हाथियों का दहशत आज भी कायम है। फसल के नुकसान का आंकलन करने के लिए आज तक राजस्व विभाग का कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा है। मुड़पार के चंद्रहास मंडावी के पंप हाउस को हाथियों ने तहस-नहस कर दिया तथा कई एकड़ खेत की फसल को

बर्बाद कर दिए। ग्राम पटेल पालनसिंह गोरे, डीरबल गावड़े, माखनलाल गोरे, शंकरलाल मंडावी, रामेश्वरी हिआमे ने बताया कि गांव के लोगों ने 4 दिन दहशत में बिताए हैं। हाथियों से हुए नुकसान को देखने वन विभाग की टीम आई थी। लेकिन अभी तक किसी भी प्रकार की सहायता नहीं दिए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर ने बताया कि हाथियों से हुए नुकसान का आकलन करने तथा क्षतिपूर्ति राशि देने के निर्देश जारी हुए हैं।प्रदेश सरकार किसानों को हर संभव मदद कर रही है। उन्होंने तहसीलदार आर आर दुबे से फोन पर बात कर पटवारियों को भेजने के लिए कहा।

सड़कों की स्थिति भी दयनीय

कमकापार से हितापठार तथा कमकापार से कोडेकसा मार्ग की स्थिति अत्यंत ही दयनीय है। दोनों सड़क मार्ग पर गिट्टियां उखड़ कर बिखरी हुई पड़ी है। जनपद सदस्य खिलेश्वरी मंडावी ने बताया कि सड़क मार्ग पर पैदल चलना तक कठिन है। ग्रामीण चेतराम गोटे, चौहान गोटे, सवाना बाई, झाड़ूराम धुर्वे ने बताया कि सड़कें इतनी खराब है कि गंभीर स्थिति में 108 बुलाने पर भी नहीं पहुंच पाती। इसी प्रकार गांव के नाले एवं खरखरा नदी पर पुल बनाना आवश्यक है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि मुड़पार गांव की जनसंख्या 385 तथा घर संख्या 64 है। यहां की प्राथमिक स्कूल में एक ही शिक्षक है। उन्होंने दो और शिक्षकों की मांग की है। जिला कांग्रेस की टीम में महामंत्री रतिराम कोसमा, केशव शर्मा, संयुक्त सचिव क्रांति भूषण साहू, प्रदेश महिला कांग्रेस की सचीव छबीला सिन्हा, पूर्व जनपद सदस्य गणेशराम रात्रे उपस्थित थे।

बिजली कटोती व बिल वृद्धि के विरोध में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने किया कुमर्दा बिजली ऑफिस का घेराव

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ (जे) के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन अग्रवाल की उपस्थिति में अजीत जोगी युवा मोर्चा के लोकसभा अध्यक्ष अमर गोस्वामी के मार्गदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष टिंकू देवांगन, लोकसभा उपाध्यक्ष करण साहू व लोकसभा महासचिव पंकज परतेती के संयुक्त नेतृत्व में कुमर्दा बिजली ऑफिस में प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य नवीन अग्रवाल ने कहा सरकार कि नई बिजली नीति उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए उनको रोशनी देकर गरीबों को अंधेरे में रखने के लिए बनाई गई है, जिसका जनता कांग्रेस पुरजोर विरोध करती है। नवीन अग्रवाल ने कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के समय बिजली बिल हाफ का झूठा

वादा करके सत्ता तो हासिल कर ली, पर सत्ता में आते ही ठीक अपने वादे के विपरीत बिजली बिल की जगह बिजली ही हाफकर दी।

नवीन अग्रवाल ने कहा कि छतीसगढ़ में जब से कांग्रेस सरकार आई है, तब से लगातार बिजली कटौती हो रही है, कभी आवश्यक कार्य के नाम पर तो कभी कुछ और कारणों से घंटों बिजली गुल कर दी जाती है। बिजली गुल होने का कोई निश्चित समय नहीं है, कभी भी सुबह हो, दोपहर हो या फिर रात कभी भी बिजली गुल कर दी जाती है। श्री अग्रवाल ने कहा कि बिजली गुल होने से जहां एक ओर आम जनता को परेशानी होती हैं।

अजीत जोगी युवा मोर्चा के लोकसभा अध्यक्ष अमर गोस्वामी व ब्लॉक अध्यक्ष टिंकू देवांगन ने कहा कि आज कुमर्दा विद्युत विभाग का घेराव किया गया। भारी पुलिस बल इस कार्यक्रम में उपस्थित रही। कुछ ग्रामीणों का बिजली बिल अत्यधिक आने की समस्या से आम जन परेशान है। लगातार बिजली कटौती से आम जनता परेशान है।

ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन बिजली बंद होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। कुमर्दा विद्युत विभाग को हमारे पार्टी जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के द्वारा एक सप्ताह पूर्व ही बिजली की समस्या से अवगत कराया गया था, किंतु अभी तक विद्युत विभाग के द्वारा कोई भी जवाबदारी पूर्वक कार्य नहीं किया गया है।

अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर 2 अक्टूबर को बासीन में

गरियाबंद/नवप्रदेश। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जन्म तिथि 2 अक्टूबर के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर का आयोजन फिंगेश्वर जनपद पंचायत के ग्राम बासीन में 2 अक्टूबर 2021 को किया जायेगा। शिविर का शुभारंभ राज्यकीय गीत के साथ किया जाएगा, तत्पश्चात मुख्य अतिथि का उद्बोधन पश्चात भाषण प्रतियोगिता में प्रथम आये विद्यार्थी का भाषण वाचन किया जायेगा।

सहभोज पश्चात विभिन्न विभागों द्वारा संचालित अनुसूचित जातियों के हितार्थ संचालित योजनाओं की जानकारी एवं लाभ प्राप्त करने की क्रमवार जानकारी दी जायेगी। साथ ही उपस्थित श्रोताओं की शंका का समाधान किया जायेगा।

अस्पृश्यता निवारणार्थ अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत चयनित दंपत्ति एवं अस्पृश्यता निवारणार्थ आदर्श ग्राम पंचायत तथा भाषण/निबंध प्रतियोगिता के सफल प्रतियोगी को पुरस्कार वितरण किया जायेगा। इसी प्रकार अनुसूचित जाति राहत योजना अंतर्गत हितग्राहियों को राहत राशि का वितरण भी किया जायेगा। इस दौरान पंचायत एवं समाज सेवा विभाग के कला-पथक दल द्वारा कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये जायेंगे। आयोजन के तैयारी के संबंध में आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्री बी.के. सुखदेवे ने गुरुवार को ग्राम बासीन में मौका निरीक्षण कर जायजा लिया। साथ ही आयोजन के संबंध में अधिकारियों से आवश्यक चर्चा एवं मार्गदर्शन दिये।

हम में हैं राजीव युवा सम्मेलन का हिस्सा बने बालोद के एनएसयूआई कार्यकर्ता, सीएम के आयोजन में हुए शामिल

बालोद/नवप्रदेश। रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित हम में है राजीव युवा सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मुख्य आथित्य में सम्पन्न हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएसयूआई अध्यक्ष आकाश शर्मा के आव्हान पर, प्रदेश सचिव जितेंद्र पांडेय के नेतृत्व में बालोद जिला के तत्वाधान में सैकड़ों की संख्या में बालोद जिला एनएसयूआई पदाधिकारी एवं युवा शामिल हुए।

जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के कला,खेल एवं शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभावन युवाओ का सम्मान

किया। साथ ही राजीव गांधी युवा मितान क्लब का शुभारंभ किया। जिसके विषय में बालोद जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव ने बताया कि छ.ग.सरकार द्वारा इस क्लब का गठन किया जाएगा। जिसमें पंचायत एवं शहर के वार्ड स्तर के युवाओं को जोड़ा जाएगा। ताकि वे सरकार से सीधे जुड़ सके। अपनी प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता का विकास कर सके।

क्या है योजना

छत्तीसगढ़ में सरकार 15 से 40 वर्ष आयु के युवाओं के लिए नया क्लब बनवाएगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विगत दिनों सीएम हाउस में आयोजित एक समारोह में राजीव युवा मितान क्लब योजना का शुभारंभ किया था। प्रत्येक क्लब के संचालन के लिए सरकार सालाना एक लाख रुपए देगी। इस क्लब का मकसद पर्यावरण, खेल और संस्कृति को संरक्षित करना होगा। राज्य के सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में चरणबद्ध रूप से कुल 13 हजार 269 क्लब गठित किये जाने हैं। एनएसयूआई के प्रदेश सचिव जितेंद्र पाण्डेय ने बताया कि जिन ग्राम पंचायतों और शहर के वार्ड की आबादी 2500 से अधिक होगी, वहां दो क्लब भी बनाए जाएंगे। इस क्लब में कम से कम 20 और अधिक से अधिक 40 सदस्य होंगे। इनमें से एक तिहाई महिलाओं का होना अनिवार्य होगा। सरकार क्लब की गतिविधियों के संचालन के लिए प्रत्येक तिमाही 25 हजार रुपए देगी। साल भर में इन क्लबों पर 132 करोड़ 69 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। यह राशि खेल संचालनालय से जिला खेल अधिकारी को भेजी जाएगी। जिला स्तरीय समिति और प्रभारी मंत्री की अनुशंसा पर इसे अनुभाग, वहां से जनपद पंचायत और फिर क्लब तक यह राशि पहुंचेगी।

निगरानी के लिए तिहरी प्रणाली : ये क्लब कलेक्टर और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के तहत काम करेंगे। जिले के प्रभारी मंत्री इस क्लब के संरक्षक होंगे। इस योजना की निगरानी के लिए प्रदेश स्तर पर दो समितियां बनेंगी। पहली समिति मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बनेगी। दूसरी सचिव स्तर की समिति होगी। इसकी अध्यक्षता मुख्य सचिव करेंगे। उसके बाद जिला स्तर और फिर अनुविभाग स्तर पर समितियां होंगी जो क्लब के कामकाज और व्यय की निगरानी करेंगी।

औंधी पुलिस ने दिया बच्चों को कानून का ज्ञान

■ **अतिसंवेदनशील ग्राम नवागांव में स्कूल में बच्चों को कानून की कक्षा लगाई गई**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक डी. श्रवण, अति. पुलिस अधीक्षक पुपलेश पात्रे, मानपुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेखा चौबे आईयूसीएडब्लू राजनांदगांव पुलिस अनुविभागीय अधिकारी हरिश पाटिल मानपुर के मार्ग दर्शन पर औंधीं पुलिस द्वारा अति नक्सल संवेदनशील ग्राम नवागांव में पुलिस थाना औंधी थाना प्रभारी तारनदास डहरिया के द्वारा कक्षा पहली से दसवीं तक के करीबन एक सौ चालीस बच्चों को चेतना कार्यक्रम के तहत पाक्सो एक्ट, लैंगिक अपराधों से बालकों का सरक्षण अधिनियम 2021 के संबंध में जानकारी दी गई एवं बच्चों को गुड़ टच बेड टच, चाईल्ड लाईन 1098, डायल 112, सायबर ठगी अपराध के बारे में प्रोजेक्ट के माध्यम से विडियो दिखाकर जानकारी दी गई।

बच्चे बहुत ही उत्सुकतावश जानने का प्रयास किया और नई जानकारी प्राप्त कर बच्चों में आतसंचार हुआ एवं बच्चों अपने कानूनी अधिकार के बारे में जानकर बहुत खुश दिखे।

बच्चों के साथ नवागांव प्रायमरी एवं हाई स्कूल के प्राचार्य धनश्याम लोनारे, व्याख्याता साधुराम ताराम, सुनेना नागवंशी, घात्री देवांगन, काशं गुरुंग, लक्ष्मन रावटे, चंदुलाल सोनूले, करण माधवानी एवं छात्रवास अधक्षीक पंचराम मडांवी तथा छात्रवास अधिक्षीका देवकी नुरेटी भी पॉस्को एक्ट के तहत कानूनी अधिकारों जाना एवं इस प्रकार की कोई घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचित बताया गया।

पूर्व में भी चेतना कार्यक्रम के तहत जिला राजनांदगांव पुलिस द्वारा विभिन्न स्कूलों में जाकर बच्चों को पॉस्को एक्ट लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 एवं स्कूलों गुड टच बेड टच, चाइल्ड लाईन 1098, डायल, आनलाइन ठगी अपराध के बारे में जानकारी दिया जा रहा था, लेकिन कोविड 19 में लॉकडाऊन होने एवं स्कूल बंद होने के कारण चेतना कार्यक्रम संचालित नहीं पा रहा था।

फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण संबंधी बैठक 4 अक्टूबर को

गरियाबंद/नवप्रदेश। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 01 जनवरी 2022 के संदर्भ में किया जाना है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में 04 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजनीतिक दलों की बैठक आहूत की गई है।

कोविड-19 से मृत व्यक्तियों के परिवार को सहायता अनुदान देने समिति गठित

गरियाबंद/नवप्रदेश। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के तहत कोविड-19 के कारण मृत व्यक्ति के परिजनों, आश्रितों को 50 हजार रूपये अनुदान सहायता प्रदान करने हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण एवं नियमानुसार स्वीकृति आदेश पारित करने के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है।

समिति के अध्यक्ष अपर कलेक्टर होंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व डॉ जय पटेल समिति के सदस्य होंगे तथा जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी सदस्य सचिव होंगे।

उपरोक्त समिति भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा आईसीएमआर द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार ही आवेदन एवं दस्तावेजों का परीक्षण कर निर्धारित प्रपत्र में मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने अधिकृत होंगे। आवेदकों को किसी प्रकार की मार्गदर्शन की आवश्यकता हो, तो वे राहत शाखा में संपर्क कर सकते हैं।

तत्संबंध में संचालक स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त जानकारी अनुसार गरियाबंद जिले में कोविड-19 से 22 सितम्बर 2021 तक कुल 194 व्यक्तियों की मृत्यु दर्ज की गई है। संबंधित परिवार विभाग द्वारा जारी निर्धारित आवेदन पत्र के माध्यम से अपने दावे प्रस्तुत करेंगे। आवेदक को समिति द्वारा जारी कोविड-19 से मृत्यु से संबंधित अधिकारिक प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।

कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का किया निरीक्षण

राजनांदगांव। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल को वॉटर प्रुफकरने, साफ-सफाई एवं साज-सज्जा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने मिनी किचन एवं डायनिंग एरिया का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि टेबल और कुर्सिया व्यवस्थित रखवाएं। बच्चों के हाथ धोने के लिए वाश बेसिन तथा अन्य सुविधाएं होनी चाहिए।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर जोन क्र. 3
शंकर नगर, पानी टंकी के नीचे
E-MAIL :- nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना//

नामांतरण प्र.क्र. 169/2021-22
वार्ड का नाम-रानी लक्ष्मीबाई वार्ड-10, मोवा

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रानी लक्ष्मीबाई वार्ड 10 स्थित भवन/भूमि सी-03, श्री कृष्णा अपार्टमेंट एलआईसी कालोनी, मोवा, रायपुर (आईडीसीआर-535) जो कि निगम अभिलेख में (1) श्री पवन कुमार अग्रवाल पिता स्व. बनारसी मल (2) (डीएचएफएल) बैंक (3) अरूणा सिन्हा पति बी.पी. सिन्हा के नाम से दर्ज है, जिसको श्री प्रणव कुमार गुंजन पिता श्री स्व. बी.पी. सिन्हा ने रजिस्ट्री/लिखित द्वारा/वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, (जोन-4) रायपुर छ.ग.
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी, मोतीबाग चौक
E-MAIL ID :- rmczone4@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 241/2021-22
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड 57

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड 57 स्थित भवन/ भूमि 57/आरपीआर 448एफ0260ए जो कि निगम अभिलेख में मेहमूदा शब्बीर हुसैन, नजमा, नासिर अली सैफी, समीना, खुजेमा वगैरह के नाम से दर्ज है, जिसको श्री अब्बास सैफी वल्द मरहुम अली असगर सैफी ने मृत्यु प्रमाण पत्र/सहमति पत्र/ शपथ पत्र/दान पत्र/हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक- 04
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, (जोन-4) रायपुर छ.ग.
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी, मोतीबाग चौक
E-MAIL ID :- rmczone4@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 230/2021-22
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड 57

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड 57 स्थित भवन/ भूमि 57/फ्लैट नं. 302 विनस अपार्टमेन्ट जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती अनिता अग्रवाल पति संजय अग्रवाल के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती सुनीता दुबे पति नवीन कुमार दुबे ने मृत्यु प्रमाण पत्र/सहमति पत्र/ शपथ पत्र/दान पत्र/हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक- 04
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग, रायपुर संभाग क्र.-1, रायपुर
''मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना''

विज्ञप्ति क्रमांक 7575/एन.आई.टी.-22/टी.सी./21-22 — रायपुर, दिनांक 25.09.2021

कार्य का विवरण	अनुमानित राशि (लाखों में)
White Washing Colour Washing and Distempering under Head Quarter Section Survey Sub Division Raipur CG	10.00
Supply of Material Like Metal, Sand and Moorum at Panchsheel Nagar Section under Maintenance Sub Division Raipur CG	0.75

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 11.10.2021
2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेब साईट www.cg.nic.in/pwdraipur/ में Live Tender के अन्तर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-1
रायपुर

जी-64065/2

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर
जिला – बिलासपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(तृतीय–आमंत्रण)
सिस्टम निविदा क्र. 83839/ निविदा सूचना क्रमांक : 06/ख.ले.लि./2021-22 दिनांक 27.09.2021
निम्नलिखित कार्यों के लिये दिनांक 18-10-2021 (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :

सिस्टम निविदा क्र.	समूह क्रमांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत
83839		[illegible]	रु. 1026.83 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 04-10-2021 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।
नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
खारंग जल संसाधन संभाग
बिलासपुर (छ.ग.)

जी-64025/10

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने ली राजनीतिक दलों की बैठक

एक नवम्बर से शुरू होगा निर्वाचक नामावली का पुनरीक्षण, मतदाताओं को जोड़ने एवं जागरूकता के लिए 14 और 21 नवम्बर को होगा विशेष शिविर

रायपुर (नवप्रदेश)। प्रदेश में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एक जनवरी 2022 के संबंध में राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों की बैठक छत्तीसगढ़ निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रायपुर में आयोजित हुई। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल सहित अन्य दल के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

छग की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में कुल 11 संसदीय और 90 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र है, यहां 5 राज्यसभा सीट है। राज्य में मतदान केन्द्रों की संख्या 23,737 है। वर्ष 2021 के निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण में प्रारंभिक प्रकाशन में 16 नवम्बर 2020 के अनुसार कुल मतदाताओं की संख्या 1,91,62,534 थी। इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 95,88,140 और महिला मतदाताओं की 95,73,637 तथा तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 757 है। पुनरीक्षण के दौरान प्राप्त एवं निराकृत दावा आपत्ति के बाद अंतिम प्रकाशन के समय मतदाताओं की संख्या 1,93,27,890 थी। इनमें 96,67,761 पुरूष मतदाता और 96,59,372 महिला मतदाता तथा तृतीय लिंग के 757, इस तरह मतदाताओं की संख्या में 0.86 प्रतिशत की वृद्धि हुई। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2022 के प्रारंभिक प्रकाशन के समय कुल मतदाताओं की संख्या 1,93,51,060 है, इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 96,76,377 और महिला मतदाताओं की संख्या 96,73,942 तथा 741 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण कार्य के तहत मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही नियत समय-सीमा में कराया जाना है।

राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील

त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने राजनैतिक दलों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान केन्द्र हेतु राजनैतिक दलों द्वारा बूथ लेवल एजेंट नियुक्त कर, वांछित त्रुटियों को सुधारने हेतु मतदान केन्द्र बूथ लेवल एजेंट को प्रशिक्षित कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने व सुधरवाने सहयोग करना चाहिए। साथ ही अधिक से अधिक ऑनलाईन फार्म भरने हेतु मतदाताओं को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं को चिन्हांकित कर त्रुटिरहित फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने में सहयोग करने की अपील की।

एप से किया जाएगा कैप्चर

सभी मतदान केन्द्रों में ''गरूड़ एप'' के माध्यम से मतदान केन्द्र का आक्षांश-देशांश, मतदान केन्द्रों में उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं की फोटो इस एप में बूथ लेबल अधिकारी द्वारा कैप्चर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन एक नवम्बर 2021 को किया जाएगा। दावा आपत्ति के लिए एक नवम्बर से 30 नवम्बर तक की अवधि निर्धारित की गई है। अधिक से अधिक मतदाताओं को जोड़ने तथा मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए 14 और 21 नवम्बर को विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। दावा-आपत्ति के निराकरण की अवधि 20 दिसम्बर तक होगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रारंभिक प्रकाशन 5 जनवरी 2022 को किया जाएगा।

मतदाताओं के लिए ऑनलाइन भी सुविधा

मतदाता पुनरीक्षण के लिए बीएलओ और एईआरओ की नियुक्ति कर दी गई है। बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा एक नवम्बर 2021 से सर्वे का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं विलोपित करने तथा संशोधन का कार्य भारत निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर-मोबाईल एप (एनवीएसपी), वोटर हेल्पलाईन मोबाइल एप के माध्यम से भी किया जा रहा है। इसके अलावा गरूड़ एप में बीएलओ के माध्यम से नाम जोड़ने एवं विलोपित करने तथा संशोधन का कार्य किया जाएगा।

पाटन के झीट सीएचसी केंद्र में बनेगा ग्रामीण स्वास्थ्य अनुसंधान इकाई

■ **बीमारियों की जांच, सर्विलेंस, अनुसंधान और तकनीकी स्टॉफ के प्रशिक्षण में मिलेगी मदद**

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। दुर्ग जिले के पाटन विकासखंड के झीट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मॉडल ग्रामीण स्वास्थ्य अनुसंधान इकाई स्थापित की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव की मौजूदगी में उनके निवास कार्यालय में सीजीएमएससी और आईसीएमआर के बीच इसके निर्माण के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। छत्तीसगढ़ शासन की ओर से सीजीएमएससी के प्रबंध संचालक कार्तिकेय गोयल और आईसीएमआर की ओर से राष्ट्रीय जनजाति स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान जबलपुर के निदेशक डॉ. अपरूप दास ने अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किए। राज्य शासन के सीजीएमएससी द्वारा आईसीएमआर की संस्था राष्ट्रीय जनजाति स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान जबलपुर के सहयोग से झीट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो करोड़ रूपए की लागत से 11 हजार वर्गफीट में मॉडल ग्रामीण स्वास्थ्य अनुसंधान इकाई की स्थापना की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने एमओयू के मौके पर कहा कि एमआरएचआरयू से प्रदेश में विभिन्न बीमारियों की जांच, अनुसंधान, सर्विलेंस और बीमारियों के पूर्वानुमान में मदद मिलेगी। यहां के वैज्ञानिकों, चिकित्सा वैज्ञानिकों एवं वरिष्ठ तकनीकी स्टॉफ द्वारा स्वास्थ्य विभाग और अस्पतालों की लेबोरेटरी में कार्यरत तकनीशियनों तथा पैरामेडिकल स्टॉफ को प्रशिक्षण भी दिया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वेक्टरजनित बीमारियों के परीक्षण के लिए नमूना जबलपुर एवं अन्य संस्थानों में भेजा जाता है। झीट में ग्रामीण स्वास्थ्य अनुसंधान इकाई की स्थापना से स्थानीय स्तर पर ही इस तरह के परीक्षण और अनुसंधान की सुविधा मिलेगी।

कलेक्टोरेट परिसर के आसपास दो माह के लिए धारा 144 लागू

■ **3 अक्टूबर से 3 दिसम्बर 2021 तक रहेगी प्रभावशील**

नवप्रदेश संवाददाता

बेमेतरा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोसकर संदीपान ने एक आदेश जारी कर संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि में विभिन्न विभाग यथा-खाद्य शाखा, आदिवासी विकास विभाग, कृषि विभाग, आबकारी विभाग, खनिज विभाग आदि संचालित है जहां दिव्यांगजन, वृद्धजन एवं महिलाओं का आवागमन रहता है। संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में जुलूस, धरना एवं प्रदर्शन होने से दिव्यांगजन, वृद्धजन एवं महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा शासकीय कार्य प्रभावित होता है। अतएव संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि के आसपास शांति, विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा बनाए रखना आवश्यक है, ताकि शासकीय कार्य सुगमता से सम्पन्न कराया जा सके। अतः यह आवश्यक है कि उपरोक्त क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक आदेश प्रसारित कर जुलूस, धरना, सभा एवं प्रदर्शन आदि के आयोजन को रोका जावे। यह आदेश 03 अक्टूबर से 03 दिसम्बर 2021 तक प्रभावशील रहेगा, यह संवेदनशील क्षेत्र है जिसके आसपास लोक शांति बनाए रखने हेतु जुलूस, धरना, आमसभा एवं प्रदर्शन को रोका जाना आवश्यक है। उपरोक्त के आधार पर मुझे यह समाधन हो गया है कि लोक शांति बनाए रखने के लिए उपरोक्त क्षेत्रों में जुलूस, धरना, आमसभा व प्रदर्शन हेतु प्रतिबंधित किया जाना आवश्यक है। पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इस आदेश से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों को सूचना की तामीली एवं सूने जाने हेतु पर्याप्त समय न होने के कारण एकपक्षीय रूप से यह आदेश पारित किया जा रहा है।

कलेक्टर ने धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बेमेतरा नगर स्थित संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि में जुलूस, धरना, आमसभा, प्रदर्शन पर प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित करता हूं। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी/सुरक्षाकर्मी को छोड़कर कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह द्वारा भले ही वे अनुज्ञप्तिधारी हो, किसी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ, अस्त्र-शस्त्र, धार-धार घातक हथियार आदि लेकर नहीं चलेगा। धार्मिक परम्परा अनुसार रखे जाने वाले कृपाण आदि पर यह कंडिका प्रभावशील नहीं होगी। विभिन्न सभाओं, रैली, जुलूस, आदि करने के पूर्व संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी/कार्यपालिक दण्डाधिकारी से अनुमति लिया जाना आवश्यक होगा। आवेदन पत्र में सभाओं, रैली, जुलूस आदि के स्थान, दिनांक एवं समय का उल्लेख करते हुए पूर्ण विवरण दिया जाना आवश्यक होगा। सभा, रैली, जुलूस आदि में लाउड स्पीकर/ध्वनि विस्तारक यंत्र आदि के लिए उपयोग किये जाने के पूर्व संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी/कार्यपालिक दण्डाधिकारी से अनुमति लिया जाना अनिवार्य होगा। कार्यालय परिसर के 100 मीटर के भीतर 5 से अधिक व्यक्ति एकसाथ प्रवेश नहीं करेंगें। यह आदेश सभी प्रकार के दलों, संगठनों, संघो तथा आम जनता पर लागू होगा तथा जारी तिथि से 2 माह यानि 3 अक्टूबर से 3 दिसम्बर 2021 तक प्रभावशील रहेगा।

नक्सलियों ने लगाया प्रेशर आईईडी बम, दो जवान घायल

बीजापुर - नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के बीजापुर में नक्सलियों द्वारा प्लांट आईईडी बम ब्लास्ट हो गया। इस ब्लास्ट की चपेट में सीआरपीएफ के 2 जवान आ गए। मोदक पाल थाना क्षेत्र के हल्बा पारा में सीआरपीएफ के जवान रोड ओपनिग के लिए निकले थे। इसी दौरान ब्लास्ट हुआ। ब्लास्ट में जवान बालकिशन और सनी दुल इस्लाम घायल हो गए हैं। दोनों घायलों को इलाज के लिए बीजापुर जिला अस्पताल लाया गया। आईईडी ब्लास्ट के बाद इलाके में सर्चिंग तेज कर दी गई है। जवानों की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर है। सीआरपीएफ 170 बटालियन की ई कंपनी पार्टी एरिया डोमिनेशन के लिए निकली थी। इसी बीच माओवादियों के द्वारा लगाए प्रेशर आईईडी में विस्फोट हो गया। जिसकी चपेट में दो जवान आ गए।

प्रदेश के 15 जिलों में कोरोना का कोई नया मामला नहीं

रायपुर। राज्य के तीन जिलों कबीरधाम, नारायणपुर और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में वर्तमान में कोरोना का एक भी सक्रिय मरीज नहीं है। प्रदेश के 15 जिलों में 29 सितम्बर को कोरोना का कोई नया मामला नहीं आया है। इस दिन प्रदेश भर में हुए 22 हजार 751 सैंपलों की जांच में 30 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए। कोरोना मरीजों के स्वस्थ होने और रोज कम संख्या में नए मरीज मिलने के कारण कोविड-19 के सक्रिय मामले तेजी से घट रहे हैं। प्रदेश में अभी सक्रिय मरीजों की संख्या 285 है। राज्य में औसत पॉजिटिविटी दर 0.13 प्रतिशत है। बीते 29 सितम्बर को राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, धमतरी, बलौदाबाजार-भाटापारा, महासमुंद, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर-रामानुजगंज, जशपुर, कांकेर, नारायणपुर और बीजापुर जिले में कोरोना संक्रमण का एक भी मामला नहीं आया है।

बहन से दुष्कर्म, आरोपी भाई को 10 साल की सजा

बालोद। जिला न्यायालय के विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) मुकेश कुमार पात्रे ने आरोपी 19 वर्षीय एक युवक को धारा 376, 506, पॉस्को की धारा 5(ढ)/6 के तहत 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। आरोपी ने अपनी ही सगी बहन के साथ दुष्कर्म किया था। प्रकरण विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) छन्नूलाल साहू ने बताया कि 16 नवम्बर 2016 को नाबालिग पीड़िता की प्रसव पीड़ा होने पर सीएचसी गुण्डरदेही में भर्ती कराया गया। सूचना पर थाना रनचिरई पुलिस द्वारा अपराध दर्ज किया गया। पुलिस को पीड़िता ने बतायी कि आरोपी उसका सगा भाई है। जब माता-पिता घर में नहीं रहते थे तब आरापी जबरदस्ती अपने पिता के कमरे में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाता था जिसके कारण पीड़िता गर्भवती हो गई। पीड़िता आरोपी को बचाने एवं लोकलाज के कारण तथा अपने भाई के डर के कारण घटना की जानकारी अपने माता-पिता को नहीं दी थी, आरोपी के डर के कारण पीड़िता द्वारा पहले पुलिस को झूठी कहानी बतायी थी कि घटना दिनांक से 7-8 माह पूर्व अपने गांव के खेत तरफ गोबर उठाने अकेले गयी थी तभी एक अज्ञात आरोपी अपने मुंह में कपड़ा को बांधकर उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित किया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया, लेकिन जब वह गर्भवती हो गई तो अपने माता-पिता को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पीड़िता, आरोपी और मृत बच्चे का डीएनए टेस्ट कराया गया था। जिसमें आरोपी और पीड़िता का मृत बालक का जैविक माता-पिता बताया गया था। बड़ी बात यह थी कि डीएनए टेस्ट कराने के लिए मृत बच्चा जिसे दफ नाया जा चुका था उसकी समाधि को फिर से खुदवाया गया और उसके हड्डी के जरिए डीएनए टेस्ट कराया गया। विवेचना के पश्चात न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया। जहां न्यायालय ने साक्षियों के परीक्षण उपरांत आरोपी के विरुद्ध अपराध सिद्ध पाते हुए उक्त कारावास से दण्डित किया गया।

प्रदेश में अब तक 1106.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

रायपुर। छग में 1 जून से अब तक 1106.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। 01 जून से आज 30 सितम्बर तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार कोरबा जिले में सर्वाधिक 1519.4 मिमी और कबीरधाम जिले में सबसे कम 918.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। सरगुजा में 944 मिमी, सूरजपुर 1270, बलरामपुर में 1064.7 मिमी, जशपुर में 1107.2 , कोरिया में 1019, रायपुर में 950.8, बलौदाबाजार में 999.6, गरियाबंद में 1062, महासमुंद में 925.1, धमतरी में 1016.5, बिलासपुर में 1107.4, मुंगेली में 1120.8, रायगढ़ में 932.8, जांजगीर चांपा में 1140.9, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1390.1, दुर्ग में 1003.2, राजनांदगांव में 977.8, बालोद में 936.1, बेमेतरा में 1213.4 , बस्तर में 1111.3 , कोण्डागांव में 1109.9 औसत वर्षा रिकार्ड की गई।